
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अपनी भाषा से करो प्यार..... करामाती कलम.....

वर्ष : 11 | अंक : 264 | लखनऊ, 13 सितम्बर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल

## स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का महाअभियान

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया, जो एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की थी और आज हम ज्ञान भारतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी या अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष है। मैं ज्ञान भारतम मिशन के शुभारंभ के लिए देश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूं।



मोदी ने कहा कि आज विज्ञान भवन, भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। कुछ ही दिन पहले मैंने ज्ञान भारतम्-मिशन की घोषणा की थी, और इतने कम समय में आज हम ज्ञान भारतम्- इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहे हैं। इससे जुड़ा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि ये एक सरकारी या एकेडेमिक इवेंट नहीं है। ज्ञान भारतम्-मिशन, भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष बनने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों पीढ़ियों का चिंतन मनन, भारत के महान आचार्यों और विद्वानों का बोध और शोध, हमारी ज्ञान परंपराएं, हमारे वैज्ञानिक धरोहरें– ज्ञान भारतम्-मिशन के जरिए हम उन्हें डिजिटाइज्ड करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिपि संग्रह है। करीब 1 करोड़ हस्तलिपि हमारे पास हैं। इतिहास के क्रूर थपेड़ों में लाखों हस्तलिपि जल गईं, लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे इसका साक्षी हैं कि ज्ञान और विज्ञान पठन पाठन के लिए हमारे पूर्वजों की निष्ठा कितनी गहरी और व्यापक थी।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा आज तक इतनी समृद्ध है, क्योंकि इसकी नींव 4 मुख्य पिलर्स पर आधारित हैं। ये हैं संरक्षण, नवाचार, परिवर्धन और अनुकूलन। उन्होंने कहा कि भारत स्वयं में एक जीवंत प्रवाह है, जिसका निर्माण उसके विचारों, आदर्शों और मूल्यों से हुआ है। भारत की प्राचीन पांडुलिपियों में हमें भारत के निरंतर प्रवाह की रेखाएं देखने को मिलती हैं। ये पांडुलिपियां हमारी विविधता में एकता का घोषणा पत्र भी हैं।

## पंजाब बाढ़: दो और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या 55 हुई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब में बाढ़ से दो और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 55 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि राज्यभर में राहत कार्य जारी है और बाढ़ का पानी घटने के साथ ही बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। पंजाब के राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि पिछले 24 घंटों में फाजिल्का में एक और मानसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे बाढ़ के कारण मरने वालों की कुल संख्या 55 हो गई है। उन्होंने बताया कि 111 राहत शिविर में 4,585 लोग शरण लिए हुए हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 40 और लोगों को बचाया गया, जिससे राज्यभर में 23,337 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 2,214 गांवों की 3,88,508

# पीएम मोदी और धनखड़ की मौजूदगी में सीपी राधाकृष्णन ने संभाला उपराष्ट्रपति का पदभार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। यह समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया, जहाँ राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कैबिनेट मंत्रियों व विपक्षी नेताओं सहित कई अन्य शीर्ष राजनीतिक नेता इस समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद धनखड़ पहली बार सार्वजनिक रूप से इस समारोह में शामिल हुए।

इससे पहले 9 सितंबर को, एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए थे। उन्हें 452 वोट मिले थे, जबकि विपक्षी उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व



न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले थे। तत्कालीन निवर्तमान राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से गहरी जड़ें रखने वाले तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने 452 वोट हासिल करके उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता। उनके प्रतिद्वंद्वी, विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के संख्यात्मक बल को देखते हुए, राधाकृष्णन की जीत अपेक्षित थी। एनडीए के पास कागजों पर 427 सांसद थे और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 11 सांसदों और कई छोटे दलों का अतिरिक्त समर्थन प्राप्त था, जिससे वह 377 के आधे से भी अधिक बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर गया था। उनके पक्ष में क्रॉस-वोटिंग के संकेत भी मिले थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था। अपनी जीत के बाद, राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने नई नियुक्ति होने तक गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कोयंबटूर से दो बार सांसद और तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्णन का दशकों लंबा करियर जनसंघ से शुरू हुआ और फिर भाजपा में शामिल हो गए।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## एम्स रायपुर पर संकट, 3 साल में 35 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

● 40% फैकल्टी पद खाली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रायपुर, छत्तीसगढ़ का प्रमुख चिकित्सा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर, स्टाफिंग संकट से जूझ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 35 डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। संस्थान में लगभग 40% संकाय पद रिक्त हैं, जिससे मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण पर चिंताएँ बढ़ रही हैं। संस्थान छोड़ने वाले डॉक्टरों ने अपने परिवार के स्थानांतरण और निजी क्षेत्र में बेहतर अवसरों को अपने इस्तीफे का प्रमुख कारण बताया है, हालाँकि कोई भी कैमरे पर बोलने को तैयार नहीं था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संकट को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार डॉक्टरों को बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन उन्होंने व्यापक चुनौतियों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने बताया कि राज्य भर में कई एनएचएम कर्मचारी 10 मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिनमें से चार पहले ही मान ली गई हैं, जिनमें 27% वेतन वृद्धि, 5 लाख रुपये का कैशलेस इलाज, मनमाने ढंग से बर्खास्तगी से सुरक्षा और सालाना 30 दिन का सवेतन अवकाश शामिल है।

# लखनऊ और कानपुर में बनेंगी अत्याधुनिक एआई सिटी

## योगी सरकार का प्रदेश को ग्लोबल पावरहाउस बनाने का लक्ष्य

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अगले 22 वर्षों में देश और दुनिया के लिए एक टेक्नोलॉजी पॉवरहाउस के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन 'विकसित यूपी @2047' प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), डीप टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन का वैश्विक केंद्र बनाने का है।

उनका मानना है कि तकनीक के सहारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाकर न सिर्फ युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि यूपी भारत



के डिजिटल भविष्य की धुरी बनेगा। योगी सरकार का स्पष्ट मत है कि यूपी का नया अवतार तकनीक और नवाचार से ही बनेगा। साथ ही प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का भी माध्यम बनेगा।

### बीते 8 सालों में डिजिटल बदलाव

2017 से पहले की तस्वीर बेहद निराशाजनक थी। साल 2015-16 में प्रदेश के विद्यालयों में कम्प्यूटर की उपलब्धता मात्र 13.3 प्रतिशत थी। लेकिन बीते साढ़े आठ सालों में इस स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ। 2023-24 तक यह आंकड़ा बढ़कर 40.2 प्रतिशत तक पहुंच गया। आज प्रदेश के 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज, 880 ब्लॉक रिसोर्स सेंटरों में आईसीटी लैब्स और शिक्षकों के लिए 2.61 लाख से अधिक टैबलेट उपलब्ध हैं। वहीं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत करीब 50 लाख युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं, जबकि 2 करोड़ युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। यह पहल डिजिटल शिक्षा और स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### 2030 तक डिजिटल प्रदेश का खाका

मुख्यमंत्री योगी ने 2030 तक यूपी को टेक्नोलॉजी हब बनाने का रोडमैप तैयार किया है। इसमें कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य शामिल हैं। लखनऊ और कानपुर में बनने वाली एआई सिटी प्रदेश को वैश्विक रिसर्च और इनोवेशन का हब बनाएगी। एनसीआर, लखनऊ और नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए देश के शीर्ष गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही, हर मंडल में इनोवेशन इनक्यूबेटर स्थापित होंगे, जिससे जमीनी स्तर के युवाओं को अपने इनोवेशन को आगे ले जाने का मौका मिलेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

### उप्र में कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान ने संवाददाताओं को बताया कि बीसलपुर-देवरिया मार्ग पर विरसिंहपुर गांव में मंगलम बारात घर के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में मोटरसाइकिल सवार प्रवीण (35), उसकी सुशीला (55) और बेटे यश (नौ) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वे शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र स्थित टकेली बड़ागांव गांव के रहने वाले थे और पीलीभीत के देवरिया कलां थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया जबकि पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्रियंका ने वायनाड में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की, नए उपराष्ट्रपति को बधाई दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को सी.पी. राधाकृष्णन के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर उन्हें बधाई दी। राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। प्रियंका गांधी बृहस्पतिवार रात अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड पहुंची जहां शुक्रवार को उन्होंने एक लंबित सड़क परियोजना का भी निरीक्षण किया।

# 'आप स्पीकर की नहीं सुनते', राहुल गांधी को दिनेश सिंह का करारा जवाब, रायबरेली में हुआ महा-टकराव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राहुल गांधी बनाम यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह: लोकसभा में विपक्ष के नेता और उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बीच एक बैठक में तीखी बहस देखने को मिली है। दोनों के बीच रायबरेली संसदीय क्षेत्र में फंड को लेकर बहस हुई। राहुल गांधी ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा था कि इस संसदीय क्षेत्र को फंड बहुत देर से मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 'मैं दिशा बैठक का अध्यक्ष हूँ। इसलिए मुझसे पूछा जाना चाहिए और



चर्चा की जानी चाहिए।' इस पर दिनेश सिंह ने कहा, 'आप लोकसभा में अध्यक्ष की बात नहीं सुनते। फिर हम यहाँ आपकी बात क्यों सुनें?' गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद 10 और 11 सितंबर को रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर थे और इसी दौरान उनकी दिनेश प्रताप सिंह से बहस हो गई।

यह घटना रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान हुई। उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह राहुल गांधी के ठीक बगल में बैठे थे, तभी दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

राहुल गांधी ने कहा कि वह बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। 'अगर आपको कुछ कहना है, तो पहले पूछिए, फिर मैं आपको बोलने का मौका दूंगा।' यह सुनकर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भड़क गए और फिर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बैठक में अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी मौजूद थे, जो राहुल गांधी के साथ दिनेश प्रताप सिंह से बहस करते नजर आए।

### राहुल गांधी बोले 'मैं अध्यक्ष हूँ', मिला तीखा जवाब

जानकारी के अनुसार, बैठक में दिशा के कार्यक्षेत्र पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान राहुल गांधी ने एक मुद्दे पर सवाल उठाया और कहा कि उन्हें यह पहले ही पूछ लेना चाहिए था। इस पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि राहुल अध्यक्ष जरूर हैं, लेकिन राहुल की हर बात सुनने के लिए बाध्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'आप तो खुद अध्यक्ष की भी बात नहीं सुनते।'

## रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी

● पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में बृहस्पतिवार को एक रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से पांच यात्रियों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने बताया कि काकोरी थाना क्षेत्र में गोला कुंआ के पास हरदोई से लखनऊ आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क निर्माण कार्य में लगे टैंकर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गये। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने इस बात की पुष्टि की है कि इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि स्थानीय निवासियों की मदद से बचाव दल ने घायल यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटनास्थल पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था और दुर्घटना के समय सड़क पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना पर दुख जाहिर किया है।

## सुप्रीम कोर्ट में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर लगा प्रतिबंध

● मीडियाकर्मियों के लिए भी नए नियम जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने अपने परिसर की सुरक्षा कड़ी करते हुए एक बड़ा आदेश जारी किया है। शीर्ष अदालत परिसर के उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में अब फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। 10 सितंबर को जारी एक सर्कुलर में सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में फोटो लेने या वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय की सुरक्षा तथा प्रतिदिन शीर्ष न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। 10 सितंबर को जारी एक परिपत्र में सर्वोच्च न्यायालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में फोटो लेने या वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति नहीं होगी। नए नियमों में विशेष रूप से तस्वीरें या वीडियो लेने के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक है, जबकि कैमरे, ट्राइपॉड और सेल्फी स्टिक का भी इस्तेमाल वर्जित है। आदेश में आगे कहा गया है कि पत्रकारों को केवल निम्न-सुरक्षा क्षेत्र के लॉन में ही साक्षात्कार और लाइव प्रसारण करने की अनुमति होगी। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वकील, वादी, प्रशिक्षु या विधि लिपिक पर बार एसोसिएशन या संबंधित राज्य बार काउंसिल द्वारा कार्रवाई की जाएगी। मीडिया कर्मियों के लिए, उल्लंघन करने पर एक महीने तक के लिए उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्री कर्मचारियों और अन्य विभागीय कर्मचारियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, और उनकी ओर से नियमों का उल्लंघन करने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# एआई कृषि में क्रांति लाएगा, किसानों की स्थिति बेहतर बनाएगा: गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनका मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ ही किसानों की स्थिति सुधारने में मदद भी करेगा।

गडकरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, बारामती के कृषि विज्ञान केंद्र जरूर जाएं और वहां अपनाई जा रही नवीनतम तकनीकों को देखें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निश्चित रूप से किसानों के लिए मददगार साबित होगी। मेरा मानना ??है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कृषि क्षेत्र में क्रांति लाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने इथनॉल उत्पादन के बारे में कहा कि देश में 350-400 कारखाने इथेनॉल का उत्पादन करते हैं और किसानों को इससे काफी लाभ हुआ है। गडकरी ने कहा, मक्के से बने इथनॉल से किसानों को 45,000



करोड़ रुपये की कमाई हुई है। पहले मक्के का भाव 1,200 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्के की खेती का रकबा तीन गुना बढ़ गया है। जो लोग इसका विरोध करना चाहते हैं, मैं उनकी परवाह नहीं करूंगा। मेरा रास्ता साफ है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण वाले पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर पैसा देकर अभियान चला गया था, जिसका मकसद उन्हें राजनीतिक रूप से निशाने पर लेना था। सोयाबीन के बारे में गडकरी ने कहा कि किसानों को इसकी फसल उगाने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, अटैक तो है ही, रेट भी अच्छे नहीं हैं और उत्पादन भी कम है। इस पर काफी अध्ययन की जरूरत है। कुछ तकनीकी अड़चनें हैं, लेकिन उन पर चर्चा होगी।

## जल शक्ति मंत्री ने परखी बिहार में मोदी के विकसित भारत की रफ्तार

● 11500 करोड़ की योजनाओं का जायजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के विजन का बिहार साक्षी बन रहा है। मोदी जी ने बिहार के विकास के लिए विशेष पैकेज के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के लिए बजट आवंटन किया है। आज जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल जी भी बिहार आए, जहाँ उन्होंने बाढ़ नियंत्रण एवं जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित चल रही परियोजनाओं की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। भारत सरकार ने इसके लिए 11500 करोड़ (ग्यारह हजार पाँच सो करोड़ रुपए) के बजट का आवंटन किया है।इस महत्वाकांक्षी योजना से बाढ़ नियंत्रण तो होगा ही साथ ही सिंचाई परियोजना से बिहार के लाखों किसान लाभान्वित होंगे।

इस दौरान मंत्री जी ने पटना हवाई अड्डे पर बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की, तत्पश्चात बिरपुर बैराज एवं कोसीझमेची अंतरराज्यीय लिंक परियोजना का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। सुपौल ज़िले के बिरपुर हवाई अड्डे से प्रस्थान करने के बाद पश्चिमी कोसी नहर परियोजना (ईआरएम) और बागमती तटबंध का भी हवाई निरीक्षण किया।

बिहार में बाढ़ प्रबंधन तथा जल संसाधन विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गति और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करेगा। मोदी सरकार की योजनाएँ धरातल पर पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचे इसके लिए श्री पाटिल जी का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## दबंगों से परेशान परिवार ने मांगी सुरक्षा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव के रहने वाले सज्जन सिंह पुत्र चंद्रमान सिंह ने दबंगई से परेशान होकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्र दर्ज परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के ही विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्व.राम प्रताप सिंह निवासी जमादार खेड़ा नटौली व उनका परिवार आए दिन जमीन को लेकर विवाद खड़ा कर जानमाल की धमकी देता है पीड़ित ने बताया कि विवादित भूमि को लेकर कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन पुलिस द्वारा मौके पर बुलाए जाने के बाद भी विपक्षी पक्ष खुद थाने नहीं पहुंचे। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी परिवार खुलेआम धमकी देते हैं कि हमारा बड़ा परिवार है तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते सज्जन सिंह ने आशंका जताई है कि कभी भी विपक्षी दबंग परिवार उनके साथ गंभीर घटना को अंजाम दे सकता उन्होंने प्रशासन से परिवार की सुरक्षा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है साथ ही कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी अप्रिय घटना के लिए विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह परिवार ही जिम्मेदार होगा।

## बाढ़ के पानी में स्नान कर रहा किशोर पानी में डूबा, मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आई बाढ़ के पानी में अपने दोस्तों के साथ स्नान कर रहा किशोर गहरे पानी में डूब गया एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसका शव पानी से बाहर निकाला शव देखते ही परिजनो के चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के परियर निवासी हरी शंकर का 16 वर्षीय पुत्र मोहित क्षेत्र में आई बाढ़ के पानी में अपने दोस्तों के लिए स्नान कर रहा था नहाते समय वो गहरे पानी में डूब गया ये देख उसके साथी भाग के उसके घर वालों को सूचना दी सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुलाकर किशोर की पानी में तलाश शुरू की एक घंटे बाद गोताखोरों ने उसका शव पानी से बाहर निकाला शव देखते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# ई-बसों के लिए नगर निगमों में बनेंगे दो-दो अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन, जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। ई-बसों के लिए 15 नगर निगमों में दो-दो अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम प्रशासन को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के 15 नगरों में संचालित नगरीय परिवहन सेवाओं की वर्चुअल समीक्षा बैठक में शुक्रवार को निदेशक महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन से बसों की संचालन क्षमता बढ़ जाएगी। उन्होंने केवल नगर निगम सीमा के अंदर ही बसें चलाने के लिए कहा। जिससे नगरवासियों को 15 मिनट के अंतराल पर बस मिल सकें।

निदेशक ने सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त/अपर नगर आयुक्त, मंडलायुक्त के नामित प्रतिनिधियों, सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के पदाधिकारियों से कहा कि लखनऊ व कानपुर के नगर निगमों को छोड़कर बाकी जगह बसों को चार्जिंग के लिए डिपो ले जाना पड़ता है। यदि अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन बनेंगे तो बसों की संचालन क्षमता बढ़ जाएगी। ई-बस एक बार चार्जिंग में 120 से 125 किलोमीटर ही चलती हैं। लंबी दूरी तक चलने के कारण यदि उनकी बैटरी जल्दी डिस्चार्ज हो जाए तो बसों को बीच रास्ते में चार्ज करने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए ही सरकार ने नगर निगमों में अवसर आधारित चार्जिंग स्टेशन (अपार्च्यूनिटी चार्जिंग स्टेशन) बनाने के निर्देश दिए हैं इसके लिए नगर निगम से जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

एक चार्जिंग स्टेशन के लिए न्यूनतम 500 स्क्वायर मीटर और अधिकतम एक हजार स्क्वायर मीटर जगह चाहिए। इससे बसों की संचालन क्षमता बढ़ जाएगी। निदेशक ने बैठक में कहा कि बसों के मार्गों पर उपयुक्त स्थानों का चयन कर जल्द से जल्द माडल बस स्टाप बनाएं जाएं। इसके लिए प्रत्येक नगर में आयुक्त की अध्यक्षता में एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहारों के दौरान जनता को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाए। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को शासन स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्चुअल बैठक में लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, मथुरा-वृंदावन, कानपुर, प्रयागराज, मुरादाबाद, अलीगढ़, शाहजहांपुर, बरेली, गाजियाबाद, अयोध्या एवं झांसी के नगर आयुक्त/अपर नगर आयुक्त, मंडलायुक्त के नामित प्रतिनिधि, सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी मौजूद थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में गुरुवार रात शराब के नशे में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि सरोजनी नगर के गौरी विहार कालोनी निवासी शिवमोहन त्रिपाठी (22) अपने छोटे भाई शिवा और एक छोटी बहन के साथ रहकर प्राइवेट जॉब करता था। कुछ दिनों पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। शिव मोहन नशे का आदी था। उसने गुरुवार रात शराब के नशे में घर के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। छोटा भाई शिवा कमरे में गया तो अंदर का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। वह चीखने चिल्लाने लगा। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि शिव मोहन ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं मृतक की मां की करीब 7 वर्ष पहले, जबकि पिता शिव शंकर त्रिपाठी की 4 साल पहले मौत हो चुकी है।

## थाना प्रभारी ने चलाया अवैध अतिक्रमण विरोधी अभियान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आमजन को सुरक्षित व सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति के नेतृत्व में शुक्रवार शाम अवैध अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। कमिश्नरेट लखनऊ के आदेश और डीसीपी के दिशा-निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत कानपुर रोड पर नादरगंज से लेकर अमौसी मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे तक सड़कों व फुटपाथों से अवैध कब्जे हटाए गए। इसी क्रम में शांति नगर, स्कूटर इंडिया चौराहा, हाइडिल चौराहा और गहरू रोड पर भी फुटपाथों व सड़कों से कब्जा हटवाया गया। थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और जनता को दुर्घटनाओं से बचाना है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि फुटपाथों और सड़क किनारे किसी भी तरह के ठेले, खोमचे या दुकानों को दोबारा लगने नहीं दिया जाएगा। भविष्य में ऐसे मामले मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने दुकानदारों और वाहन चालकों को अल्टीमेटम दिया कि चौराहों से 100 मीटर के दायरे में नो पार्किंग नियम का सख्ती से पालन किया जाए। टेम्पो, ई-रिक्शा या अन्य वाहन गलत तरीके से खड़े पाए गए तो तत्काल कार्रवाई होगी। पुलिस का यह अभियान आम लोगों को राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चौंतीस करोड़ से दस मीटर चौड़ा होगा मोहान-मलिहाबाद मार्ग, अतिक्रमण हटाने के लिए दिया नोटिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहान-मलिहाबाद मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण होने जा रहा है। जिससे इस मार्ग पर प्रतिदिन चलने वाले 45 हजार वाहन सवारो के लिए रास्ता सुगम हो जाएगा।

### मार्ग पर मौजूद महत्वपूर्ण स्थलों पर आने जाने की सुविधा भी चौकस हो जाएगी।

मार्ग चौड़ीकरण के लिए बढ़े भूमि दायरे के बाद जद में आ रहे स्थायी व अस्थायी निर्माण स्वामियों की मुश्किलें जरूर बढ़ गई हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क की तय जद से तीन दिन के अंदर अपना अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी देते हुए भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर दी है।

### अतिक्रमण हटाने का नोटिस दे

मोहान चौराहे से मटरिया चौराहे तक 34 करोड़ की लागत से 10 किमी तक करवाए जा रहे सड़क के चौड़ीकरण के बढ़े दायरे में मार्ग के किनारे के दुकान, मकान आदि के भवन स्वामी आ रहे हैं। जिसमें मोहान कस्बे की बस्ती में मुख्यमार्ग पर तिराहे से कटरा मुहल्ले तक डेढ़ सैकड़ा से अधिक जो दुकान और मकान सड़क से सटे हुए बने हुए हैं।

उन दुकान और मकान मालिकों को लोक निर्माण विभाग ने तीन दिन में सड़क के दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दे दिया है। अतिक्रमण न हटाने पर विभागीय कार्यवाही की हिदायत दी है। नोटिस के बाद कस्बेवासियों में हलचल मच गई है। मोहान की मुख्य सड़क की चौड़ाई मौजूदा समय सात मीटर है।

दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ाई फिर नाली निर्माण और बिजली पोल लगाने का कार्य होगा। जिसके बाद मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर हो जाएगी। मार्ग पर 10 किमी तक चौड़ीकरण कार्य होगा। लोकनिर्माण विभाग जेई हरिशंकर ने बताया कि सड़क चौड़ाई के लिए कस्बे में डेढ़ सौ से अधिक लोगों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी गई है। तीन दिन में अतिक्रमण न हटाने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जहां जगह मिलेगी वहां पटरी बनाई जाएगी। नहीं तो नाली का निर्माण तो जरूर ही हो रहा है।

### खुश हैं कस्बेवासी

लगभग दो दशम से कस्बेवासी इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। कस्बे के हुसैन आलम, आयुष बाजपेई, पंकज श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, राम धीरज, धर्मेंद्र सिंह आदि ने ने बताया कि सड़क चौड़ी होने से का कस्बा आगरा एक्सप्रेस-वे, सीतापुर, हरदोई, मलिहाबाद, इटौंजा, कानपुर, लखनऊ जनपदों से संपर्क बढ़. जाएगा। जिससे वाहनों के आवागमन बढ़ने से सुविधाएं मिलेगी। वहीं मार्ग किनारे दुकानों, प्रतिष्ठानों के व्यवसाय में वृद्धि के अलावा रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

### मार्ग पर महत्वपूर्ण स्थल

- धौरा कृषि विज्ञान केंद्र
- शिव जी का जलेश्वरनाथ मंदिर
- आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन का संपर्क

## मलिहाबाद के दो गांवों में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



किसानों को जानकारी देते एडीओ एजी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शुक्रवार को मलिहाबाद विकासखंड के तरौना और कैथुलिया गांव में कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को पराली प्रबंधन, फसल सुरक्षा, प्राकृतिक खेती और फसल बीमा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीओ (एग्रीकल्चर) मानवेंद्र सिंह ने किसानों को पराली प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेत में फसल अवशेषों को जड़ से उखाड़कर सीड ड्रिल मशीन के माध्यम से बुवाई की जाए तो एक ही बार में जुताई और बुवाई संभव हो जाती है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति बनी रहती है तथा रासायनिक लागत में भी कमी आती है। इस दौरान फसल बीमा योजना की जानकारी भी दी गई, जिससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं में होने वाले नुकसान की भरपाई मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान की जानकारी प्राप्त की।

## विद्युत करंट की चपेट में आकर राजगीर मिस्त्री की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर एक राजगीर मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे आनन फानन लोक बंधु अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा के रामचौरा गांव निवासी विश्वनाथ रावत (40) पत्नी रचना और 14 वर्षीय बेटे रौनक व 12 वर्षीय प्रतीक के साथ रहकर राजगीर का काम करते थे। शुक्रवार सुबह दोनों बच्चे स्कूल चले गए और रचना घर से कुछ दूर बकरी लेकर चराने चली गई। वहीं कुछ दिनों पहले रिश्तेदारी में आई विवाहित बहन रानी घर के अगले हिस्से में संचालित कॉस्मेटिक की दुकान पर जाकर बैठ गयी। इस बीच करीब 10 बजे विश्वनाथ अपने कपड़े प्रेस करने लगे। कुछ देर में बहन कॉस्मेटिक दुकान से घर के अंदर किसी काम के लिए गई तो विश्वनाथ प्रेस में अचानक उतरे करंट की चपेट में आकर विद्युत तार से चिपके झुलसे मिले। यह दृश्य देखकर रानी के होश उड़ गए और उसने आनन फानन इसकी सूचना बगल में रहने वाले छोटे भाई राजू को दी। तब इसकी जानकारी परिजनों को हुई। जानकारी होते ही परिजन आनन-फानन गंभीर हालत में विश्वनाथ को बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु अस्पताल भेज दिया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने विश्वनाथ को मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विद्युत करंट से युवक की हुई थी मौत लाइन मैन पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बाबू खेड़ा पुरौना निवासी छेद्दू ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 27 अप्रैल को लाइन मैंन की लापरवाही के चलते करंट की चपेट में आने से उसके पुत्र की मौत हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

छेद्दू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 27 अप्रैल को राम बहादुर पुत्र कालीचरण व सुरेंद्र पुत्र राम प्रसाद निवासी दुंदपुर ने मेरे पुत्र राम सिंह को बच्चूखेड़ा में लाइन ठीक करने के लिए बुलाया। सुरेंद्र के कहने पर मेरा पुत्र पोल पर चढ़ गया। पूर्व में बिजली ठीक करने में वसूली को लेकर सुरेंद्र से विवाद हुआ था जिसके चलते सुरेंद्र खुन्नस मानते थे। पोल पर चढ़कर मेरा पुत्र काम कर रहा था काम के दौरान सुरेंद्र ने शट डाउन वापस ले लिया जिससे विद्युत प्रवाह चालू हो गया इसके चलते मेरे पुत्र की मौत हो गई। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पिता की तहरीर पर सुरेंद्र और राम बहादुर के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर चबूतरा गिराए जाने पर सेक्टर-5 निवासियों ने पार्षद को सौंपा पत्र

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। वृन्दावन योजना सेक्टर-5 स्थित पार्क नं. 1 (एनजीओ के सामने) में शीतला माता मंदिर का चबूतरा नगर निगम द्वारा गिराए जाने से क्षेत्रीय लोग आक्रोशित हैं। निवासियों ने इस कार्रवाई को धार्मिक भावनाओं पर आघात बताया है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को वार्ड पार्षद रजनी अवस्थी को लिखित पत्र सौंपकर मांग की कि मंदिर का चबूतरा पुनः बनाया जाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यहां वर्षों से पूजा-अर्चना और हर शनिवार सुन्दरकाण्ड का आयोजन होता आ रहा है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## मार्ग दुर्घटना में मृतक युवक की मां ने दर्ज कराया अज्ञात बाइक सवार पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत उपरांत माँ ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना बिहार के गाँव छाछी राई खेडा निवासी नागेंद्र सिंह पुत्र स्व०लाल बहादुर सिंह उम्र 30 वर्ष की मौत उस समय हो गयी थी जब वह अपने भाई सतेंद्र सिंह के साथ बड़े भाई सोनू की ससुराल मुरार खेडा थाना बीघापुर बाइक से रात करीब 8:30 बजे जा रहा था। पाटन के सोनू ढाबा के पास गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बिना हार्न बजाए जोर दार टक्कर मार दी थी जिससे नागेंद्र बुरी तरह घायल हो गया था। कानपुर हैलेट में उपचार दौरान उसकी मौत 23 अगस्त को हो गयी थी। माँ विद्यावती द्वारा बाइक चालक के विरुद्ध तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## अखिल भारतीय रेल सुरक्षा परिषद की सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए इरफान अब्बासी

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। नगर पंचायत अमेठी के 32/9 अब्बासी वार्ड निवासी इरफान अब्बासी को अखिल भारतीय रेल सुरक्षा परिषद (AIRSC) की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। परिषद के अध्यक्ष डॉ. आर. पद्मनाभन ने उन्हें यह दायित्व सौंपते हुए कहा कि रेल मिलिंग तकनीक के क्षेत्र में इरफान अब्बासी के योगदान और उनकी वैश्विक उपलब्धियों को देखते हुए परिषद ने उन्हें समिति का सदस्य नामित किया है।

डॉ. पद्मनाभन ने बताया कि रेलवे सुरक्षा, आधुनिकीकरण और तकनीकी बदलाव की दिशा में इरफान अब्बासी का अनुभव और विशेषज्ञता परिषद के मिशन को नई दिशा प्रदान करेगी। उनकी प्रोफाइल और तस्वीर परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.railsafety.co.in पर भी प्रकाशित की जाएगी, जिससे नीति निमार्ताओं और हितधारकों को उनके कार्यों से प्रेरणा मिल सके रेलवे सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए यह मनोनयन अहम कदम माना जा रहा है व परिषद के अध्यक्ष डॉ. आर. पद्मनाभन ने कहा कि रेल मिलिंग तकनीक व रेलवे सुरक्षा क्षेत्र में इरफान अब्बासी का अनुभव परिषद के मिशन को नई दिशा देगा।

## माल की बिजली चेकिंग टीम पर हमला, सांसद प्रतिनिधि व बेटों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विद्युत उपकेंद्र माल के अंतर्गत शंकरपुर फीडर के ढोलबजा वीरपुर गांव में बिजली चोरी की चेकिंग करने पहुंची बिजली विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। अवर अभियंता पुष्पेन्द्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सांसद प्रतिनिधि और उनके तीन बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को बिजली चोरी की रोकथाम के लिए टीम में शामिल टीजी-2 अशोक कुमार, राहुल कुमार, श्रीकृष्ण के साथ संविदा कर्मी उमेश कुमार, सुनील कुमार, राजपाल, सतीश कुमार, कल्लू, अखिलेश, सुजीत कुमार, अनूप कुमार, आशीष पाल, राजेन्द्र कुमार और करन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी और मोहनलालगंज लोकसभा से सांसद आर.के. चौधरी के प्रतिनिधि राकेश गौतम अपने तीन बेटों आलोक कुमार, आकाश कुमार और अमन कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि उन्होंने सरकारी दस्तावेज फाड़े, लाइनमैन उमेश कुमार को गिरेबान पकड़ कर अभद्र प्रकार गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। अवर अभियंता पुष्पेन्द्र कुमार ने पूरे मामले की जानकारी माल थाने में दी, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने शुक्रवार को वृंदावन कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया कार्यशाला की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय 'धीरू' ने की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य और युवा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा ने कार्यकताओं को सेवा पखवाड़ा में होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का आधार है कार्यकताओं को समाज की अंतिम पंक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प लेना होगा सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर वृक्षारोपण जनजागरूकता अभियान गरीबों को निःशुल्क दवा वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजू रस्तोगी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष कामता रावत ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आवेश समेत बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बृहस्पतिवार से लापता युवक का कहीं नहीं लगा सुराग, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गुमशुदा सुधीर पाल – फोटो

लखनऊ। एक पूर्व घर से लापता हुए युवक का कहीं पता न चलने पर पिता ने शुक्रवार को थाने मे तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करायी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जमोलिया के मजरा हासा खेड़ा निवासी भोला का बेटा सुधीर पाल (22) बीते 11 सितंबर बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे घर से बिना बताए घर से निकला था। जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा. परिजनों ने इधर उधर रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। उसकी बाइक रहीमाबाद में सड़क किनारे स्थित गोल्डन हॉस्पिटल के बाहर से बरामद हुई। पिता ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर बेटे सुधीर की गुमशुदगी दर्ज करायी है। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस युवक की तलाश मे टीमें गठित कर खोजबीन करने मे जुट गयी है। युवक के परिवार मे उसकी माता पार्वती, भाई प्रमोद, सुनील, पत्नी निशा, एक बेटी तीन वर्षीय आरोही जिनका सुधीर की तलाश मे रो-रोकर बुरा हाल है।

## नेपाल से वापस लाए गए 251 भारतीय

लखनऊ। नेपाल में बिगड़े हालात को देखते हुए सीमावर्ती जिलों में अब भी पूरी मुस्तैदी बरती जा रही है। पुलिस व अतिरिक्त पीएसी तैनात है और लगातार गश्त कराई जा रही है। सीमा पार से आने वाले हर व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नेपाल में फंसे भारतीय की सकुशल वापस भी सुनिश्चित कराई जा रही है। नेपाल में फंसे भारतीयों की मदद के लिए डीजीपी मुख्यालय में स्थापित विशेष नियंत्रण कक्ष में अब तक 27 काल आई, जिनमें 409 भारतीयों के नेपाल में फंसे होने की सूचना दी गई। इनमें गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, मऊ, बदायूं व अन्य शहरों के अलावा बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, बेंगलुरु, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश व हैदराबाद के निवासी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक नेपाल सेना व पुलिस से समन्वय बनाकर इनमें अब तक 251 भारतीयों की वापस कराई जा चुकी है।

## संक्षेप

### खेत में मवेशी घुस जाने पर महिला को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत खेत मे जानवर चले जाने के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के विजयी खेडा निवासिनी पूनम पत्नी राम बहादुर ने तहरीर देते हुए बताया कि वह घर मे अकेले रहती है। उसके पडोसी छोटेलाल गौतम पुत्र अयोध्या और उनकी पत्नी विद्यादेवी व उनका लडका रंजीत आये दिन झगडा करते रहते है। मेरी बकरी उनके दरवाजे चले जाने पर ये सभी गंदी गंदी गालियां देने लगे व मेरे मना करने पर विद्या देवी पत्नी छोटेलाल ने मुझे लात घूसो व डन्डो से मारने लगी जिससे मेरे शरीर मे अंदरूनी चोटे आयी लोगो के द्वारा बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### महिला लेखपाल को रिश्वत लेते एंटी कृपशन की टीम ने दबोचा



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसील में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने महिला लेखपाल ममता को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। तहसील परिसर में की गई इस कार्रवाई से वहां मौजूद लोगों में हलचल मच गई। अकोहरी ग्राम पंचायत के एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि लेखपाल ममता जमीन संबंधी मामले के निस्तारण के लिए 30 हजार रुपये मांग रही है। लखनऊ यूनिट की एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। शिकायतकर्ता के पैसे सौंपते ही टीम ने लेखपाल को पकड़ लिया।टीम रिश्वत की रकम बरामद कर ममता को पूछताछ के लिए लखनऊ ले गई। अधिकारियों के अनुसार, उस पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ममता का नाम पहले भी विवादों में रहा है। एक बड़ी ग्राम पंचायत में पट्टों के आवंटन में वसूली की शिकायतें सामने आई थीं। ग्रामीणों के अनुसार, वह बिना रिश्वत लिए किसी का काम नहीं करती थी। तहसील में हुई इस कार्रवाई की कर्मचारियों और वादकारियों में चर्चा है। कई लोग भ्रष्टाचार पर इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

# जनपद में बाढ़ का कहर, तंबुओं व झोपड़ियों में रहने को मजबूर पीड़ित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगातार ऊपर बना हुआ है। इसका असर जिले के सदर, बांगरमऊ, सफीपुर और बीघापुर तहसील क्षेत्र के साथ शुक्लागंज नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में साफ दिख रहा है। हजारों परिवारों के घरों में पानी घुस गया है और लोग तंबुओं व झोपड़ियों में रहने को मजबूर हो गए हैं। गंगा का जलस्तर खतरे से 15 सेंटीमीटर ऊपर केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 23 सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया था। बुधवार सुबह यह 113.220 मीटर पहुंचा और शाम तक 113.230 मीटर हो गया। शुक्रवार सुबह भी जलस्तर घटकर सिर्फ 113.150 मीटर दर्ज हुआ, जो अभी भी खतरे के निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर है।गंगा का पानी बढ़ने से चंपापुरवा, नेतुआ और बैराज मार्ग पूरी तरह डूब चुके हैं। अब यहां केवल नावों से ही आवागमन संभव है। राजीव नगर बस्ती जलमग्न हो चुकी है और सौ से अधिक लोग रेलवे स्टेशन के किनारे तंबू डालकर रह रहे हैं। कई परिवार किराए के मकानों में शरण लिए हुए हैं।बाढ़ का सबसे ज्यादा असर शुक्लागंज की आजाद नगर नई बस्ती पर पड़ा है। यहां सौ से अधिक परिवार फोरलेन के किनारे झोपड़ियां डालकर रह रहे हैं। खुले आसमान के नीचे महिलाएं और बच्चे दिन-रात गुजार रहे हैं। चूल्हे के लिए लोग लकड़ियां बीनकर लाने को मजबूर हैं। पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन की सीधी मदद अब तक उन तक नहीं पहुंची।गंगा के उफान ने शुक्लागंज नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब तीन दर्जन से ज्यादा इलाकों को डुबो दिया है। इनमें चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, मोहम्मद नगर, शक्ति नगर, मनोहर नगर, सीताराम कॉलोनी, इंद्रा नगर, रविदास नगर, श्रीनगर, अवस्थी फार्म हाउस, गायत्री नगर, भातू फार्म, आजाद नगर नई बस्ती, शारदा नगर, ठाकुर खेड़ा, सरैयां, लक्ष्मी खेड़ा, रजवा खेड़ा, पीपरखेड़ा डेरा, निहालखेड़ा, पोनी, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा, गड़रियन पीपरखेड़ा, गजिया खेड़ा, त्रिभुवनखेड़ा, गुर्री पुरवा, कंचन नगर, पोनी रोड, मकइया ताल, सरैयां और नरबीजपुर शामिल हैं।प्रशासन की ओर से 85 नावें लगाई गई हैं, लेकिन यह संख्या प्रभावित इलाकों की तुलना में बेहद कम है। बाढ़ पीड़ितों का आरोप है कि नावें सिर्फ मुख्य मार्गों पर चलाई जा रही हैं, जबकि अंदरूनी बस्तियों तक न तो राहत सामग्री पहुंच रही है और न ही स्वास्थ्य सेवाएं। लोग खुद अस्थायी साधनों से खाना-पानी और दवाइयां जुटाने को मजबूर हैं।सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कटहा गांव में राहत कैंप लगाकर करीब 200 परिवारों को राशन किट वितरित कीं। गोताखोर गांव में लेखपाल अशोक सैनी नाव से पहुंचे और 50 परिवारों तक राशन पहुंचाया। हालांकि, बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि यह मदद ऊंट के मुंह में जीरा जैसी है।तंबुओं और झोपड़ियों में रह रहे लोगों के सामने सबसे बड़ी चुनौती खाने और पीने के पानी की है। साफ पानी न मिलने से बच्चे और बुजुर्ग पेट व त्वचा संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कई जगह लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

# गौशालाओं की हालात बद से बत्तर धरातल पर कोई सुविधा मुहैया नहीं

अमन लेखनी समाचार



बिछिया, उन्नाव। गौशालाओ में व्यवस्था बीमार है। संरक्षण की बात तो कही जा रही है,लेकिन धरातल पर सुविधाएं मुहैया कराने की जहमत नही उठाई जा रही है। गौशालाओं में हालत ऐसे हैं कि कहीं समय पर हरा चारा नही तो कही पर भूसा नही है तो कहीं गोवंश घुटनों तक कीचड़ में खड़े हैं। मामला विकास खण्ड के गाँव जमुका ,कोरारीकला व मोहद्दीनपुर गौशालाओं के हालात बद से बदतर बने हुए हैं। कीचड़ में खड़े गोधन का ध्यान चरही में पड़े घास पर कम और पूंछ से मछर हटाने में अधिक है। जमुका गाँव की गौशाला एक पुराने खंडहर सरकारी गल्ला गोदाम में ही उसके चारों ओर चहार दिवारी होने से उसी में गौवंशो का संरक्षण का आसरा बना हुआ है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी व ग्राम प्रधान गौशाला बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का लापरवाही से वहन करने में खुलेआम नजर आए। गौशाला में जानवरों के घुटनो तक का कीचड़ भरा हुआ है। गोधन उसी गंदे कीचड़ में बैठना खड़े होना उनके जीवन को दुश्वार कर रखा है। जबकि जमुका गौशाला में नोडल अफसर व खण्ड विकास अधिकारी समेत उच्चाधिकारियों ने भी गौशाला का निरीक्षण कर साफ सफाई के कड़े निर्देश दिए थे। लेकिन सम्बंधित सचिव ग्राम प्रधान की लापरवाही से बेजुबानों का जीवन संकट में है, ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक बेजुबानो के लिए पानी व चारे की भी कोई व्यवस्था नही है। इसी कड़ी में कोरारीकला गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंशो के संरक्षण की बात तो कही लेकिन कीचड़ में यहां भी जानवर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक मोहद्दीनपुर की गौशाला में अक्सर गौवंश अपने दम तोड़ते रहते है साफ सफाई व चारे पानी की व्यवस्था के नाम पर शून्य व्यवस्था है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ रेनू सचान ने बताया कि नोडल अफसर ने जमुका गौशाला पर पहुँचकर निरीक्षण किया था, गंदगी होने पर ग्राम सचिव व प्रधान को सफाई कराने के कड़े निर्देश भी दिये थे लेकिन सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा बरसात बाद खड़ंजा लगवाए जाने की बात कही गई थी। ग्राम सचिव से बात करने पर बंद था फोन। बीडीओ फहद खान ने बताया कि कीचड़ तो है लेकिन मैं दिखवाता हूँ।

# मानसिक रूप से परेशान युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के गांव गंगौली में एक मजदूर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। 35 वर्षीय विमलेश कुमार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। परिजनों के अनुसार विमलेश लंबे समय से मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। इससे पहले भी उन्होंने फांसी लगाने का प्रयास किया था। उस समय परिवार वालों ने उन्हें बचा लिया था। शुक्रवार को उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।गंगाघाट थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विमलेश सीधे-साधे स्वभाव के थे।



वह अपने काम पर ध्यान देते थे। लोगों ने उन्हें कई बार समझाया कि परेशानियों का हल आत्महत्या नहीं है। लेकिन वह मानसिक तनाव से बाहर नहीं निकल पाए।

# रोडवेज बसों के संचालन को लेकर किसानों ने खोला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार




पाटन, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने एनएच-31 पर बिहार से अंदर जाने वाले मार्ग पर रोडवेज बसों के संचालन को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संगठन के कार्यकताओं ने मांग की है कि परिवहन विभाग के आदेशानुसार अब बसों को बाइपास से न निकालकर अंदर से गुजारा जाए। इसके लिए उन्होंने मार्ग पर बोर्ड भी लगवा दिया है।

भाकियू नेताओं का कहना है कि परिवहन विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश होने के बाद भी चालक-परिचालक मनमानी कर रहे हैं और बसों को बाइपास से निकाल रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में असुविधा होती है और कस्बे के व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी आदेश का पालन कराने में लापरवाही बरत रहे हैं।संगठन ने इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, किदवई नगर को पत्र भेजकर फोटो सहित जानकारी उपलब्ध कराई है। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि

चालकों-परिचालकों को कड़ाई से निर्देशित किया जाए कि बसों को निर्धारित मार्ग यानी कस्बे के अंदर से ही ले जाया जाए।मौके पर बोर्ड लगवाने और बसों को अंदर से भेजने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से मुन्ना सिंह देवारा, अजय बाजपेयी, रामप्रकाश गुप्ता, अर्पित त्रिवेदी, बड़े सिंह, फते बहादुर, बदरुद्दीन, मंगली, राकेश, अजय, छेदी, उमाशंकर, रामसहाय, धन्नर तिवारी व चंद्रेश सिंह शामिल रहे। कुल मिलाकर दो दर्जन से अधिक कार्यकताओं ने एकजुट होकर आंदोलन को बल दिया।भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि परिवहन विभाग ने शीघ्र ही ठोस कार्रवाई नहीं की तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने पुलिस कर्मियों को वितरित की छतरी



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। एस.के. फाइनेंस लिमिटेड कंपनी की ओर से ब्रांच मैनेजर अभिषेक सिंह ने हसनगंज थाने में पहुंचकर पुलिसकर्मियों को छतरियाँ वितरित कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात तत्पर रहती है। हमारे लिए उनका योगदान अमूल्य है, ऐसे में कंपनी की तरफ से यह छोटा सा उपहार आभार स्वरूप दिया जा रहा है। इस दौरान मोहन चौकी इंचार्ज अनिल साहू को भी छतरी भेंट की गई। उन्होंने ब्रांच मैनेजर अभिषेक सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज और संस्थाओं का सहयोग पुलिस बल को नई ऊर्जा प्रदान करता है।कार्यक्रम में कपिल द्विवेदी और शिवम अवस्थी भी मौजूद रहे।

# बैंक खाता का गलत इस्तेमाल करने का युवक ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के ठोकरेपुर मजरा पकरा बुजुर्ग गांव निवासी मोहित कुमार ने गांव के ही दबंगों पर खाता का दुरुपयोग करने, विरोध करने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगाई है।मोहित कुमार का कहना है कि गांव के आलोक यादव ने उसके नाम से एचडीएफसी बैंक पुरवा शाखा में खाता खुलवाया था। खाता खुलवाने के बाद पासबुक, एटीएम और चेकबुक अपने पास रख लिए और प्रलोभन दिया कि खाते में हर महीने 500 रुपये आएंगे। बाद में पता चला कि खाते से अवैध तरीके से लेन-देन कर विदेश में पैसे भेजे जा रहे हैं।आरोप है कि जब उसने पासबुक और एटीएम मांगा तो आलोक की मां व गांव के अनीश कुमार ने मिलकर लाठी-डंडों से पीट दिया। वहीं 10 सितंबर को आलोक यादव, अनीश, आलोक की मां व दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से हमला किया। पीड़ित ने बताया कि किसी तरह कमरे में बंद होकर जान बचाई। जाते-जाते अभियुक्तों ने धमकी दी कि यदि थाने में शिकायत की या कार्रवाई हुई तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे।पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों पर कठोर कार्यवाही कर जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

# आईटीआई में छात्रों से कराई जा रही सफाई, वीडियो हुआ वारयल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्रों से सफाई कराने का मामला सामने आया है। टर्नर ट्रेड के टीचर मनोज कुमार छात्रों से तकनीकी प्रशिक्षण की जगह सफाई और घास कटवाने का काम करवा रहे हैं। नाराज छात्रों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में छात्र कह रहे हैं कि उन्हें मशीनों पर प्रैक्टिकल की जगह झाड़ू लगाने और घास काटने के काम में लगाया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि वे रोजगार पाने के लिए मशीनों पर काम सीखने आए हैं। लेकिन यहां उनसे मजदूरी जैसे काम कराए जा रहे हैं।आईटीआई का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार के योग्य बनाना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की प्रैक्टिस से छात्र भविष्य में प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। विभागीय अधिकारियों की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है वायरल वीडियो की पुष्टि अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है।



# चोरों का आतंक,एक रात में 6 दुकानों से ढाई लाख का माल व नकदी चोरी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में चोरों ने गुरुवार रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बेहटा चौराहे स्थित गुड्डू सिंह मार्केट में चोरों ने 6 दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की।चोरी की वारदात अंग्रेजी शराब दुकान, देशी शराब दुकान, दो मेडिकल स्टोर, एक सीमेंट की दुकान और एक परचून की दुकान में हुई। देशी शराब दुकान में सेंध लगाई गई और अंग्रेजी शराब दुकान का शटर तोड़ा गया।प्रभावित दुकानदारों में अतुल यादव, प्रियांशु, लल्ला, हरिकांत, पाल मेडिकल सेंटर के मालिक और रामनिवास पाल शामिल हैं। सभी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। चोरी का कुल नुकसान लगभग ढाई से तीन लाख रुपये का आंका गया है।सीमेंट दुकानदार अतुल यादव के अनुसार, सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो दुकानों के ताले टूटे मिले। चोरों ने मुख्य रूप से नकदी पर ध्यान दिया। देशी शराब की केवल आठ पेटियां चोरी हुई हैं।थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।



# हर घर जल योजना ने बिगाड़ दिए गांवों के रास्ते, सप्लाई शुरू होने का इंतजार

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। हर घर जल योजनांतर्गत गांवों में खुदाई और पाइपलाइन डालने का काम तो हो गया, लेकिन इसकी वजह से पहले से बने ग्रामीण रास्तों की हालत खराब हो गई है। जिन जागरूक ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल में गांवों के लगभग सभी रास्ते पक्के या खड़ंजे से तैयार करवा दिए थे, वह मेहनत अब बेकार हो गई है।

गांवों के रास्तों में जगह-जगह गड्ढे और नालियां बन गई हैं। कई जगह ईंटें गायब हो गई हैं और खड़ंजे बैठ गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने भरोसा दिया था कि पाइपलाइन बिछाने के बाद रास्तों को दुरुस्त किया जाएगा, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी मरम्मत का कोई काम शुरू नहीं हुआ। इधर, हर घर जल योजना का असली लाभ भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका है। न तो अभी तक घर-घर टोटियां लग पाई हैं और न ही पानी की सप्लाई शुरू हो सकी है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने दोहरी समस्या खड़ी हो गई है—न पानी मिला, न रास्ते सही बचे।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

अमनलेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बीघापुर पुलिस ने जाति सूचक शब्दो के साथ मारपीट करने वाले वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गाँव अफसरी निवासी अजय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने करीब 5 वर्ष पूर्व तहरीर देकर बताया था पड़ोस के सुभाष पुत्र स्व० सीतल प्रसाद और सुभाष के तीन पुत्र टिंकू पुत्र सुभाष (जाति लोध), टीटू, धाधू आय दिन रास्ता रोक कर गाली गलौज और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दिया करते थे। दिनांक 24 अगस्त 2020 समय लगभग 20.15 बजे जब वह गढ़ाकोला से वापस आ रहा था तभी सूरज उर्फ टिंकू ने मोटर साइकिल में लात मार दी जिससे गाड़ी का बैलेस बिगड़ गया और मोटर साइकिल सहित गिर पड़ा। मेरे घर पहुचते ही सुभाष के तीनों लड़के व सुभाष ने मुझे घर से घसीटकर घर से बाहर लाकर लात घूसें से मारा। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए SC/ST एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। कोर्ट द्वारा जारी सम्मनों में न पहुचने पर सूरज उर्फ टिंकू के विरुद्ध वारंट जारी हुआ था जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए घर से गिरफ़्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।




# स्कॉर्पियो और बोलेरो की आमने सामने टक्कर, बोलोरो चालक की मौत




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्कॉर्पियो और बोलेरो की भिड़ंत में वोलेरो चालक की मौत हो गई स्कॉर्पियो सवार दो लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत उद्यम खेड़ा गांव निवासी विमल पाल 35 वर्ष किसी काम से बोलेरो लेकर उन्नाव गए थे.जहां से वापस घर लौट रहे थे.इसी दौरान फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदोई उन्नाव मार्ग स्थिति उमर खेड़ा गांव के सामने बांगरमऊ की ओर से जा रही स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई.टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेंरो के परखच्चे उड़ गए.मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.घटना की सूचना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है.अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# आंदोलन के पीछे केवल सोशल मीडिया बैन नहीं

नेपाल में जो हो रहा है, उसे किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने पूरी सरकार को ही खदेड़ दिया है। संसद भवन के साथ पीएम, राष्ट्रपति और गृहमंत्री के आवास में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पीएम केपी ओली इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागते दिखे। इस सीन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की याद दिला दी। जब शेख हसीना को हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा था। उससे पहले श्रीलंका में भी ऐसे ही तख्तापलट हुआ था। आंदोलन का कारण 4 सितंबर को नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर बैन के आदेश को बताया जा रहा है। इसके बाद हामी नेपाल नाम का एनलीओ चलाने वाले सुदान गुरंग ने इंस्टाग्राम पर युवाओं से स्कूल यूनिफॉर्म और स्कूली बैग लेकर सड़क पर उतरने को कहा। 8 सितंबर को नेपाल की संसद के सामने प्रोटेस्ट शुरू हुआ। ये आंदोलन सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं था। हामी नेपाल ने इसका आह्वान करते हुए पोस्ट में लिखा, लंबे अरसे से करप्शन ने हमारे सपने, हमारा फ्यूचर और देश की गरिमा को खत्म किया है। हम देख रहे हैं कि नेता अमीर होते जा रहे हैं और आम लोगों को जीने के लिए तक संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन अब और नहीं। बस देखते ही देखते आंदोलन ने हिसंक रूप ले लिया। गड़बड़ तब हुई जब सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए गोली चलाने के आदेश दे दिए। जिसमें अब तक 22 लोग मारे गए। बच्चों पर गोली चलवाने की खबर फैलते ही आंदोलन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। युवाओं के साथ-साथ आम जनमानस भी आंदोलन से जुड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री केपी ओली के अलावा सरकार में शामिल 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। असल में 90 के दशक से ही नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल रही है। पहले राजशाही, फिर संवैधानिक राजशाही आई और फिर लोकतांत्रिक सरकार आई, लेकिन नेपाल का करप्शन खत्म होना तो दूर बढ़ता चला गया। जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा था। इससे पहले जब एक सरकार के खिलाफ विरोध का माहौल बनता था तो दूसरे नेता आगे आ जाते थे और देश में चुनाव करवाकर केपी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड के बीच सरकार का ट्रांसफर होता रहता था। इस बार गुस्सा इन सभी सीनियर नेताओं को लेकर है। इनमें से कोई भी जनता को भरोसे में नहीं ले पा रहा। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आगे नेपाल की सत्ता कौन चलाएगा। क्या फौज काबिज होगी, कोई अंतरिम सरकार बनेगी या दोबारा चुनाव होंगे, अभी इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हां यह सही है कि सत्ता कैसी भी, किसी की भी हो, युवाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगी। यह आंदोलन नेपाली नेताओं के लिए सबक भी है।



फिलहाल
संतोष कुमार भार्गव

# धीरे-धीरे नरम पड़ेंगे ट्रंप के तेवर

> ट्रंप ने भारत से संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रेपति डोनाल्डह ट्रंप के तेवर नरम पड़ गए हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत किसी भी देश के सामने झुकने वाला नहीं है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने ट्रंप के पोस्टक और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया का मतलब समझाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अब समझ आ रहा है कि उनकी आक्रामक व्यापारिक धमकियां नाकाम साबित हो रही हैं। हाल में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत-बहुत खास' बताया था। फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत, भारत है। यह एक सभ्यता वाला देश है। भारत किसी भी देश का पिछलग्गू नहीं बन सकता। भारत सबके साथ दोस्ती चाहता है। व्यापार करना चाहता है। लेकिन, भारत किसी की तानाशाही नहीं मानेगा।

यह बात ट्रंप की ओर से भारत-अमेरिका संबंधों पर नरम रुख अपनाने के बाद आई है। ट्रंप ने इन संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है। दोनों ही नेताओं के ताजा बयान इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य हो सकते हैं। आपको बता दें कि फिलहाल अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैक्स जारी है।

वर्तमान में विश्व के तमाम देशों से व्यापार और राजनीतिक संबंध रखना सबके लिए जरूर है। बात अगर भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों की कि जाए तो 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपये बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं,



लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है।

राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से?

भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीका को लेना है।

अब सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए? अगर ट्रंप नरम पड़ रहे हैं, तो यह नरमी अभी नीतिगत नहीं है। यह तभी वास्तविक होगी जब शर्तों पर बातचीत होगी और टैरिफ राहत पर कागजी कार्रवाई पूरी हो जाएगी। जीजीआई की ओर बहुत अधिक झुकाव अमेरिकी दबाव से राहत पाने में रुकावट का जोखिम पैदा कर सकता है। हालांकि, वाशिंगटन की ओर बहुत अधिक झुकाव, बदले में, भारत के प्रभाव को कम कर देगा। भारत को इस नरमी को खुले मानकों के लिए एक सहारा के रूप में देखना चाहिए, न कि वैश्विक निवेश साझेदारी यानी जीजीआई के दायरे को बंद करने वाले संरेखण के रूप में। दोनों रास्तों में संतुलन बनाकर ही भारत के आगे के विकल्प तय होने चाहिए।

विशेष
डॉ. जयपाल मेहरा



# जिंदगी के लूप में कहीं खो न जाए इंसानियत का जुड़ाव

सुबह उठे, अलार्म बंद किया, मोबाइल पर दस नोटिफिकेशन... फोन उठाया, बाथरूम गए, नहाते-नहाते रील्स देखीं, नाश्ता किया और ऑफिस निकल गए। ऑफिस पहुंचे, कंप्यूटर ऑन किया, चार ईमेल, पांच मीटिंग्स... दोपहर हो गई। लंच टाइम में फोन स्क्रॉल किया, दोस्तों की शादी की तस्वीरें देखीं, किसी के बच्चे का वीडियो देखा... 'लाइक' कर दिया। शाम हुई, घर आए, खाना खाया और सोने से पहले फिर वही मोबाइल... और फिर सो गए। कल फिर यही दोहराना है। जिंदगी का लूप चल रहा है। एक दिन अचानक दिमाग में ख्याल आता है कि ये सब क्यों? अगर मैं आज नौकरी छोड़ दूं, तो कल सुबह मेरी जगह कोई और बैठा होगा। मेरा कंप्यूटर पासवर्ड तक भी कंपनी भूल जाएगी। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह एक ही गाना बजाए जा रही है, और आप उसके बोल याद करके थक चुके हैं। ये कोई नई हैरान करने वाली बात नहीं लिखी है मैंने, हर दस में से आठ लोगों कि यही कहानी है। बुजुर्गों को लगता है कि उनको कोई सुनता नहीं है, युवाओं को लगता है कि उनको कोई समझता नहीं है। यही फीलिंग, यही अकेलापन, धीरे-धीरे अंदर ही अंदर इंसान को खोखला कर देता है। इस टेक्नोलॉजी के इस युग में हमने भावनात्मक संबंधों को कहीं खो दिया है। अंग्रेजी में क्या कहते है उसको, इमोशनल कनेक्शन..हां वहीं।

आजकल हमारे पास 500 फ्रेंड्स हैं फेसबुक पर और 200 कॉन्टैक्ट्स व्हॉट्स ऐप पर, लेकिन क्या कोई है जिसे हम रात 2 बजे बिना सोचे मैसेज कर सकें? हमने डिजिटल दुनिया में सैकड़ों कनेक्शन बना लिए, लेकिन असली दुनिया में उस एक इंसान को खो दिया जिसके साथ दो कप चाय पर दिल की हर बात कह सके। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम उस कल के लिए टेंशन में हैं जिस कल में शायद हम है ही नहीं। अब क्या पता ऊपर वाले ने हमारी टिकट पहले ही एडवांस बुक कर रखी हो। क्या पता कब, कहां और क्या आखिरी हो। इसलिए आज को जीना सीखो। शाररुख खान की 2003 में आई फिल्म के वो बोल, हर पल यहां..जी भर जीयो... जो है समां.. कल हो ना हो एकदम सटीक बैठते हैं। दुनिया में 800 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और इसमें से आपको यह समझाना कि आपके लिए कोई नहीं है... ये गणित के नियमों के भी खिलाफ है! उस एक इंसान को ढूंढिए जो कंधे पर हाथ रखकर कहे कि सब ठीक हो जाएगा यार, एक ऐसी हंसी जो बिना किसी फिल्टर के सुनाई दे और एक ऐसा कान जो बिना हमें जज किए बस सुन ले कि क्या भसड़ मची है और इसे ही कहते हैं इमोशनल कनेक्शन। वो खास इंसान कोई भी हो सकता है जैसे बेस्ट फ्रेंड, पार्टनर, मां-बाप, या कोई आपका अच्छा सहकर्मी। पर इस लूप से भी बड़ा एक सदमा है जो हमारे युवाओं को झेलना पड़ रहा है। कितनी ही बार एक छात्र ये सोचकर हार मान लेता है कि उसका आने वाला कल सिर्फ एक कागज़ के टुकड़े पर निर्भर है। वो सब कुछ अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और एक दिन... एक गलत फैसला कर बैठता है। क्या उसके सपनों, उसकी कला, उसकी मेहनत की कीमत सिर्फ 90% है? बिल्कुल नहीं! माँ-बाप को भी चाहिए कि बातचीत को एक रिपोर्ट कार्ड में समेटने और फोन पर.. बेटा टेस्ट में कितनी रैंक आई? याद रखो, बहुत पैसा लगा रहे हैं तुम पर, कुछ बनकर ही घर लौटना कहने कि बजाए बस पूछ लीजिए कि कोई दिक्कत तो नहीं नए शहर में ... कोई बात हो... तो बस इतना याद रखना, हम हैं तुम्हारे साथ, हमेशा। ये बात नहीं है कि पढ़ाई और करियर जरूरी नहीं। बिल्कुल हैं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आपका बच्चा और उसका मानसिक स्वास्थ्य। कभी - कभी यूं ही बेवजह अपने बच्चों को गले लगा लिया करो क्योंकि इतिहास गवाह है कि बेटों को जीवन में एक बार ही पिता के गले लगने का मौका मिलता है जब वो कामयाब हो जाते हैं और बेटियों को, जब वो विदा होती हैं। तो जब अगली बार फोन लगे तो पहला सवाल नंबरों के बारे में नहीं, उसके बारे में हो। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें इंसान बनाता है। जब यह टूटता है, तो इंसान टूट जाता है। आत्महत्या के आंकडे इसी अकेलेपन की चीख हैं।

## प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## ओणम उत्सव का समापन



केरल के तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को सप्ताह भर चलने वाले ओणम उत्सव के समापन पर ओणम के दौरान कथकली कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती

### हानिकारक खरपतवार, गाजर घास

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। *– मदन यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# किम ने नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए डिजाइन किए गए एक नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की। आईसीबीएम एक ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक मार कर सकती है। इसे लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल कहा जाता है। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि ठोस ईंधन चलित रॉकेट इंजन का नौवां और अंतिम जमीनी परीक्षण सोमवार को किया गया। यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकता है



## ऑफ बीट

# संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा

दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है। कैसे बनता है यह ज़हर : कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है,



## ट्रेंड

### दौरा किया



बाढ़ और भूस्खलन के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लोकतंत्र की शक्ति



उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में मतदान के लिए सभी माननीय सांसदों का धन्यवाद। अब हम मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सदस्यों की सामूहिक इच्छाशक्ति हमारे संसदीय लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति है।

- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री


### विशेष महसूस कर रहा



धैर्य से लाइन में लगे, 3 घंटे की तपस्या हुई, परन्तु मतदान करने के बाद बहुत ही विशेष महसूस कर रहा हूं। आज लोकतंत्र के इस महान पर्व पर संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया।

- मनोज तिवारी, भाजपा सांसद

### पैरों पर खड़ा करना



हमें पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। हम जानवरों के लिए चारा, सैनिटरी पैड, गद्दे, तिरपाल, ये सभी चीजें बांट रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह यहां आ रहे हैं।

- सोनू सूद, अभिनेता

## संक्षेप

### सपा युवजन सभा ने उठाई किसानों की आवाज

**महंगाई, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, जमकर की नारेबाजी**

सुलतानपुर, समाजवादी युवजन सभा ने महंगाई और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई। संगठन के जिलाध्यक्ष शिवमंगल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। यहां सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए गए। ज्ञापन में बताया गया कि डीजल, पेट्रोल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से किसान, मजदूर और गरीब वर्ग प्रभावित हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब है। सत्ता संरक्षित अपराधियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। युवजन सभा ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। किसानों को उचित दर पर खाद मिले और कालाबाजारी रुके। किसानों के लिए बिजली की उचित व्यवस्था हो। ग्रामीण क्षेत्रों की टूटी सड़कों की मरम्मत हो। पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट मिले। समाजवादी पार्टी ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को 18,000 शपथ पत्र सौंपे हैं। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष के वोटरों के वोट काटे जा रहे हैं। सपा नेतृत्व का कहना है कि जीत मिलने के बाद भी ईवीएम पर भरोसा नहीं है।

### टेबिल बिलिंग से कंज्यूमर परेशान

**एक ही तरह के दो कमरों में 140 और 1800 का बिल, अधिकारी सुनने को तैयार नहीं**

सुलतानपुर, शहर से लेकर आउटर तक बिजली उपभोक्ता मीटर बिलिंग को लेकर हालाकान हैं। टेबिल बिलिंग के कारण उपभोक्ता को हजारों रूपए अपनी गाढ़ी कमाई के देने पड़ रहे हैं। समस्या के निराकरण के लिए वे बिजली दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनकी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। हमने इस समस्या से परेशान कई एक उपभोक्ता से बात किया। शहर स्थित दरियापुर निवासी अनिल कुमार सोनी ने बताया हमारी एक बहन रानी सोनी विडो है। उसके नाम कनेक्शन है। उसके 300 फिट के घर में दो कमरे बने हैं। दोनों में अलग अलग मीटर लगे हैं। एक कमरे में 140 रुपए का बिल आता है और दूसरे में 1800 रुपए बिल आ रहा। कई बार शिकायत किए कोई सुनवाई नहीं हुई।

### तीन माह से अधूरा सड़क निर्माण

**धरनीधर-बडनपुर मार्ग पर मिट्टी-गिट्टी डालकर छोड़ा, डामरीकरण की मांग**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील के ग्राम पंचायत मऊ से धरनीधर मौजा बडनपुर तक का संपर्क मार्ग पिछले तीन महीने से अधूरा पड़ा है। इस मार्ग पर केवल मिट्टी और गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं। अवर अभियंता चंद्रजीत यादव से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने फंड की कमी और श्रमिकों की समस्या बताई।

# कंसलटेंट व निर्माण कार्य करा रही कंपनी को नोटिस के निर्देश

**नगरायुक्त ने किया सीएम ग्रिड के तहत सड़क निर्माण का निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



सहारनपुर। नगरायुक्त शिपू गिरि आज हकीकत नगर में सीएम ग्रिड के तहत सड़क निर्माण कार्य के दौरान यह देखकर हैरान रह गए कि उनके निरीक्षण के समय न तो कंसलटेंट कंपनी का कोई सदस्य वहां मौजूद है और न निर्माण कार्य कर रही कंपनी के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वहां मौजूद है। कंपनी का साइट आफिस भी वहां नहीं है। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए सीएम ग्रिड की कंसलटेंट कंपनी एएनवी तथा सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी डीएवी को नोटिस भेजने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर निगम व स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ सीएम ग्रिड के तहत कलक्ट्रेट तिराहे से लेकर हकीकत नगर होते हुए दीवानी तिराहे तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे थे। नगरायुक्त ने तपती दोपहरी में करीब पौन घंटा सड़क पर खडे.होकर निर्माण कार्य कर रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर व उसके अन्य स्टाफ से नक्शा, प्रोजेक्ट डिजाइन व प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ जानकारी ली। अनुबंध के अनुसार अभी तक क्या-क्या काम हो जाना चाहिए था, और कितना हुआ है,इसकी जानकारी ली। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चन्द व अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि वे यह देख लें कि मानक के अनुसार कार्य हो रहा है या नहीं तथा कितना कार्य हुआ है। नगरायुक्त ने निर्माण कार्य कर रही कंपनी के प्रबंध निदेशक से फोन पर बात कर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कैसे काम होगा ? न तो साइट पर काम करने वाले प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य स्टाफ की क्वालिफिकेशन अनुबंध के अनुसार है और न पर्याप्त उपकरण हैं। उन्होंने सीवर पाइप व सीवर मेनहॉल बनाने, नालों के निर्माण आदि के सम्बंध में भी जानकारी ली। क्षेत्र के पार्षद अमित त्यागी ने सड़क के किनारे रखे ट्रांस्फार्मर की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में फुटपाथ कैसे बन सकेगा। इस पर नगरायुक्त ने ट्रांस्फार्मर पिलरों पर रखने के निर्देश दिए। पार्षद के अलावा क्षेत्र के अनेक दुकानदारों ने नगरायुक्त का ध्यान सड़क ऊंची उठने से नीचे हो गयी दुकानों की ओर दिलाते हुए समाधान कराने की मांग की।

# डॉ. अंबेडकर केवल दलित समाज के नहीं सभी के थे: शमशेर

**मेला गुघाल के कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक शाम संविधान निमार्ता के नाम का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



सहारनपुर। नगर निगम द्वारा श्री जाहरवीर गोगा महाराज की स्मृति में चल रहे मेला गुघाल में आयोजित एक शाम संविधान निमार्ता के नाम गायकों ने अपने गीतों के माध्यम से डॉ.अम्बेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विशेष जानकारी दी। सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ में महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, व देवेंद्र निम, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, डॉ. सुभाष सहगल व समाजसेवी योगेश दहिया, उपसभापति मयंक गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित और रिबन काटकर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिंतक व समाजसेवी शमशेर सिंह, भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सिंह व केडी गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर केवल दलित समाज के ही नहीं सभी वर्गो के थे। उन्होंने सभी वर्गो के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने महिला समाज के उत्थान के लिए बढ़-चढ़कर काम किया। इससे पूर्व वार्ड 09 के पार्षद, कार्यक्रम संयोजक मोहर सिंह, सहसंयोजक प्रधान जयराम गौतम, अरुण कुमार व राजेंद्र कुमार ने पटके पहनाकर व पगड़ी पहनाकर तथा गुलदस्ते भेंटकर अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। हरियाणा से आये गायक मंजीत मेहरा व गायिका सविता अम्बेडकर ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित गीतों से बार-बार वाहवाही बंटोरी। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सिंह के जन्म दिन पर महापौर डॉ. अजय कुमार व विधायक देवेंद्र निम सहित अनेक गणमान्य लोगों ने केक काटकर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त ऋषिपाल सिंह, अजबसिंह, चौ. बुद्धप्रकाश, डॉ.किरण पाल, दीपक बर्मन, मंजीत सिंह, शुभम मेहरा, चंद्रपाल मौर्य, दिनेश वालियान, दीपक कपिल, गुरु संदीप दास खत्री, सुखबीर व भाजपा महिला मोर्चा की दुर्गा सागर के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद गण मौजूद रहे। संचालन धर्मपाल ने किया।

# खाद्य विभाग की छापेमारी



**शाहमऊ में मेडिकल स्टोर और इन्हौना में होटल से नमूने लिए**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, सहायक आयुक्त (खाद्य) सतीश शुक्ला के निर्देश पर शाहमऊ और इन्हौना क्षेत्र में खाद्य विभाग ने छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर ने शाहमऊ स्थित शादाब मेडिकल स्टोर से सेपल और लाइकोविन दवाओं के नमूने लिए। इन्हौना चौराहे पर स्थित चार-चाँद होटल से रंगीली बिरयानी का नमूना जांच के लिए भेजा गया। होटल के मालिक कासिम की जगह इसरार मौके पर मौजूद थे। छापेमारी की कार्रवाई से स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों में हलचल मच गई। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर मेडिकल स्टोर और होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पालि निबंध स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अमेठी की नैना ने जूनियर वर्ग में पहला और प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, समन्वय सेवा संस्थान और भदन्ताचार्य बुद्ध दत्त पालि संवर्द्धन प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित पालि निबंध स्पर्धा में अमेठी की छात्रा ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुमारी नैना ने 31 अगस्त को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंजीत कुमार की पुत्री नैना ने जूनियर स्तर की स्पर्धा में प्रथम स्थान भी हासिल किया। उन्होंने 'मेरी प्रिय भाषा-पालि भाषा' विषय पर निबंध लिखा। इस उपलब्धि पर विश्व बौद्ध संघ के राष्ट्रीय संरक्षक आर सी बौद्ध और राष्ट्रीय सदस्य शकुंतला भारती ने बधाई दी। सिरमौर बौद्ध विहार संस्थान सोइया के अध्यक्ष भंते धम्मदीप और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव भारती ने भी शुभकामनाएं दीं। भारतीय बौद्ध महासभा रायबरेली के अध्यक्ष डॉ सुनील दत्त और अम्बेडकर कल्याण समिति के संरक्षक इन्द्र पाल गौतम ने भी नैना की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। सिरमौर बौद्ध विहार के संगठन सचिव संजय कुमार शास्त्री, यात्रा समिति के सचिव ललित कुमार, डॉ नन्हे लाल, राम प्रताप बौद्धाचार्य और शिक्षिका गीता शाक्य ने भी मंगलकामनाएं दीं।

# बाप-बेटे चलाते थे अवैध असलहे की फैक्ट्री

**2 से 4 हजार तक बेचते थे असलहा, 5 बने और 6 अधबने तमंचे बरामद**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सीओ लंभुआ के नेतृत्व में कोतवाली लंभुआ के हाथों बड़ी सफलता लगी है। पुलिस टीम ने अवैध असलहे की फैक्ट्री चलाने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 5 निर्मित और 6 अर्द्ध निर्मित तमंचा बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों दो से चार हजार में असलहा बेचकर अपना परिवार चलाते थे। सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि कोतवाली लंभुआ इंस्पेक्टर संदीप राय को सूचना मिली कि क्षेत्र के मठिया शाहगढ़ जंगल में अवैध असलहो की फैक्ट्री चल रही है। यहां छप्पर में असलहे तैयार कर बेचे जा रहे हैं। इस पर कोतवाली टीम के साथ उन्होंने छापेमारी की। पुलिस को अवैध असलहों के साथ इसे तैयार करने वाले उपकरण मिले। पुलिस ने यहां से बाप बेटे को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कुड़वार के खादर बसंतपुर




मझौवा निवासी दीप नारायन व उसके पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कुड़वार के सुरेश नगर चौराहे पर पिता पुत्र ने बेल्डिंग की दुकान कर रखा है।

# भाजपा की पंचायत चुनाव की तैयारी

**मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में रणनीति पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया। जिला कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। प्रदेश मंत्री शंकर गिरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि कार्यशाला में आगामी पंचायत चुनाव 2025 को लेकर संगठनात्मक रणनीति और बूथ प्रबंधन पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह और पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्र मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित ने किया। प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने पंचायत चुनाव में पार्टी की जीत के लिए ग्राम स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री केशव सिंह और भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा भी शामिल हुए। यह कार्यशाला भाजपा की 'सेवा ही संगठन' की नीति को मजबूत करने में सहायक साबित हुई।

# कुत्ते की पूंछ बांधकर बाइक से घसीटा

**चिल्लाता रहा, लेकिन तरस नहीं आया; अलीगढ़ में 500 मीटर तक ले गए**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, बाइक सवार 2 युवकों ने एक स्ट्रीट डॉग को रस्सी बांधकर आधा किलोमीटर तक खींचा। इस दौरान डॉग कराहता रहा, जबकि दोनों युवक मजे लेते रहे। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामना आया है। इसके बाद पशु प्रेमियों ने थाने में शिकायत दी है। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना सासनीगेट थाना क्षेत्र के सराय हरनारायण की है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक बाइक पर 2 युवक बैठे हैं। एक युवक बाइक चला रहा है। दूसरा, जो पीछे बैठा है, वो एक हाथ में लाठी लिए हैं। वही युवक दूसरे हाथ से एक रस्सी पकड़े है। इसी रस्सी से एक स्ट्रीट डॉग की पूंछ बंधी है। बाइक सवार तेज स्पीड में डॉग को घसीटते ले जा रहे हैं। डॉग बुरी तरह चिल्ला रहा, लेकिन युवक मजे ले रहे हैं। उधर, डॉग की ऐसी हालत देखकर इलाके के स्ट्रीट डॉग्स उसे बचाने के लिए बाइक सवार के पीछे दौड़ रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों युवक माहौर वाली गली के रहने वाले हैं। लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और यह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गो-रक्षा दल के पदाधिकारियों ने इस वीडियो को देखा, तो दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस बारे में सासनीगेट थाने में जीव दया फाउंडेशन की ओर से शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। फाउंडेशन की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने बताया कि गो-रक्षा दल के जिलाध्यक्ष सचिन राघव ने यह वीडियो दिया है। इसमें साफ दिख रहा है कि युवकों ने स्ट्रीट डॉग को बांधकर पूरे इलाके में घसीटा। स्ट्रीट डॉग दर्द से कराह रहा था और युवक मजे ले रहे थे। इसलिए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, सासनीगेट थाना प्रभारी हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया- मामले में लिखित शिकायत मिली है। आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है।

मामले की जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शाहजहांपुर में स्ट्रीट लाइट घोटाला

**नगर निगम कार्यालय में पार्षदों का धरना, कंपनी पर मरम्मत के नाम पर लाखों की हेराफेरी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर विवाद गहरा गया है। पार्षदों ने नगर आयुक्त के कार्यालय में धरना देकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। ई स्मार्ट कंपनी को शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी।

शहर में लाइटें लगाई गईं। लेकिन रात में अंधेरा छाया रहता है। स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को लेकर पार्षदों से शिकायत की। पार्षदों की जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं। बोर्ड मीटिंग में मंत्री की मौजूदगी में कंपनी के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय लिया गया था। नगर आयुक्त ने आश्वासन भी दिया। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षदों का आरोप है कि कंपनी कर्मचारियों की सैलरी और मरम्मत के नाम पर हर महीने लाखों रुपये निकाल रही है। पार्षदों ने कंपनी द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की योग्यता पर भी सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कर्मचारियों की सूची मांगी थी, जो अब तक नहीं दी गई है। एक नगर निगम अधिकारी पर भी आरोप लगे हैं। एक साल पहले उसका तबादला हो चुका है, फिर भी वह शाहजहांपुर में तैनात है। इस विवाद पर नगर आयुक्त विपिन कुमार का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन कॉल नहीं उठाई।

# औद्योगिक विकास के लिए 11 सूत्री प्रस्ताव

**पूर्व आईपीएस और मंडल आयुक्त की बैठक में व्यापारियों ने रखे सुझाव**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य 2047 को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा नामित पूर्व आईपीएस दुर्गा चरण मिश्रा और मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने 11 बिंदुओं पर आधारित सुझाव प्रस्तुत किए। त्रिपाठी ने बताया कि अमेठी के अलग जनपद बनने के बाद सुल्तानपुर औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राज्य सरकार और प्रशासन के बीच समन्वित नीति-निर्माण जरूरी है। प्रस्तावित सुझावों में प्रमुख रूप से यूपीएसआईडीसी/इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत नए औद्योगिक भू-खंड और इंडस्ट्रियल पार्क का विकास शामिल है। भूमि आवंटन में पारदर्शिता के लिए भूमि-बैंक और ऑनलाइन प्रणाली का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। पड़ोसी जनपदों के अनुरूप दरें निर्धारित करने की बात कही गई। विद्युत, सड़क और लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव रखा गया। एमएसएमई के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री और कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना का सुझाव दिया गया। आईटीआई को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप मजबूत करने की बात कही गई। अन्य महत्वपूर्ण सुझावों में सिंगल विंडो प्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन, एमएसएमई के लिए सरल ऋण सुविधा, ओडीओपी के तहत स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना और व्यापारियों के लिए कर प्रणाली का सरलीकरण शामिल है।

# महिला स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष अभियान

**अमेठी में 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प (हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन) योजना के तहत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान सीएचसी गौरीगंज, अमेठी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सौरव की उपस्थिति में महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। राकेश कुमार यादव ने महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया और कैंसर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने खून की कमी दूर करने के लिए हरी सब्जियां खाने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। साथ ही समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराने पर जोर दिया। डीएमसी ऋषि कुमार ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और वन स्टॉप सेंटर योजना शामिल हैं। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन (181), वूमेन पावर लाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और आपातकालीन सेवा (112) की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम और लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी चर्चा की गई।

## संक्षेप

### ट्रक से मिले गोवंश के अवशेष

**ग्रामीणों ने किया हंगामा और सड़क जाम, पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव फैल गया। खुर्जा रोड पर गांव बंकापुर के पास एक ट्रक में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर ग्रामीण एकत्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अवशेषों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी ऐसी गतिविधियां सामने आई हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# युवक ने बस रुकवाई, गंगा में लगाई छलांग

**कैंसर से परेशान था ,पत्नी और बच्चे के सामने कूद गया; सर्च ऑपरेशन जारी**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, शास्त्री ब्रिज पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। एक व्यक्ति ने बस से सफर करते समय बस रुकवा कर पत्नी और बच्चे के सामने शास्त्री ब्रिज से गंगा नदी में छलांग लगा दी। जिससे मौके पर तफरी मच गयी जिसके बाद पहुंची जल पुलिस काफी देर से ढूंढती रही दो घंटे बीत जाने के बाद भी बॉडी अभी तक नहीं मिली व्यक्ति की पहचान जगतपुर के रहने वाला पप्पू ड्राइवर है। जानकारी के मुताबिक वह कैंसर के इलाज के लिए अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सुबह अस्पताल आया था, लेकिन डॉक्टर द्वारा इलाज में कोई उम्मीद न जताने के कारण वह मानसिक रूप से टूट गया। जिसके बाद अस्पताल से वापसी के समय रास्ते में यह कदम उठा लिया। घटना के बाद से जल पुलिस द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा



है, लेकिन दो घंटे बीत जाने के बाद भी शव बरामद नहीं हो पाया है। उसकी पत्नी ने बताया कि इलाज कराने के लिए वह लोग प्रयागराज आए थे, लेकिन डॉक्टरों ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि अब बीमारी आखिरी स्टेज में है और इलाज की कोई गुंजाइश नहीं बची। यह सुनकर पूरा परिवार मायूस हो गया और वे भारी मन से अपने घर लौटने के लिए बस में सवार हो गए। बताया जा रहा है कि शास्त्री ब्रिज पर पहुंचते ही पीड़ित ने अचानक बस रुकवाने को कहा। वह बस से उतरते ही तेजी से पुल की ओर भागा और देखते ही देखते गंगा में छलांग लगा दी। उसके पीछे-पीछे पत्नी और बच्चे भी दौड़े मगर तब तक वह छलांग लगा दिया था। यह हादसा उस वक्त हुआ जा पप्पू अस्पताल से पत्नी और बच्चे लेकर वापस घर लौट रहा था। पप्पू ने शास्त्री ब्रिज पर बस रुकवाई और अचानक गंगा में छलांग लगा दी।

यह दृश्य उसकी पत्नी और बच्चों ने अपनी आंखों के सामने देखा, जिससे वे सदमे में हैं। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय जल पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गंगा में तेज बहाव के कारण अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हार्डवेयर कारोबारी के बेटे पर हमला

**जिम से लौटते वक्त 8 बदमाशों ने घेरा, 15 हजार और सोने की चेन लूटी; 10 लाख की रंगदारी मांगी**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, सिविल लाइंस स्थित पीवीआर के पीछे हार्डवेयर कारोबारी के बेटे शांतनु केसरवानी पर हमला मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। रात बदमाशों ने लाठी-डंडों और पिस्तौल की बट से हमला किया। पीड़ित ने हमलावरों पर उनसे 15 हजार रुपये और सोने की चेन छीन ली। धूमनगंज के जयंतीपुर निवासी कारोबारी संजय केसरवानी के बेटे शांतनु रात करीब 10:45 बजे जिम से निकले थे। वह हल्दीराम रेस्टोरेंट के पास अंडा खाने गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनकी कार को घेर लिया। एक नकाबपोश बदमाश ने पिस्तौल की बट से हमला किया। आरोपियों ने शांतनु से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। उन्होंने धमकी दी कि रकम नहीं देने पर परिवार समेत जान से मार देंगे। बदमाशों ने कार में भी तोड़फोड़ की। वे पिस्तौल लहराते



हुए मौके से फरार हो गए। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने अभिषेक पांडेय, शीबू केसरवानी, आशु जायसवाल और हर्ष पांडेय समेत चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी रामाश्रय यादव के मुताबिक मामले की जांच चल रही है।

### शोहदे को न्यूड कर सरेआम पीटा

**20 सेकेंड में मारे 10 चाटें, पुलिस ने किया अरेस्ट**

मेरठ, शोहदे को कपड़े उतारकर पीटने का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक युवक की कुछ लोगों ने शर्ट उतारकर खूब पीटा। उसके साथ गालीगलौज कर दी। वहीं एक युवती भी शोहदे को पीटती नजर आ रही है। युवती ने शोहदे को 20 सेकेंड में एक के बाद एक तड़ातड़ 10 चाटें मारे। भीड़ में कुछ लोग शोहदे को बचाते और उसे छोड़ने की बात भी कर रहे हैं, लेकिन महिला और युवती रुकते नहीं हैं। वो बार-बार लड़के को पीटती दिख रही हैं। मामला टीपी नगर थाना क्षेत्र की नईबस्ती का है। पूरा मामला मेरठ के टीपी नगर थाना क्षेत्र की नईबस्ती रहने वाली एक बीए छात्रा कॉलेज से लौट रही थी। रास्ते में एक मनचले ने सरेआम उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद छात्रा ने हंगामा कर दिया। तब लोगों ने मनचले को पकड़ लिया। छात्रा उसकी मां ने उसे जमकर पीटा। छात्रा की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। थानाप्रभारी का कहना है कि युवती की वीडियो सामने आने के बाद पूरे मामले की जांच की गई है। वहीं युवती की तरफ से एक तहरीर दी गई, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है।

## 15 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**ग्रेटर नोएडा में चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। घटना गोलचक्कर के पास की है। पुलिस टीम वहां संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुका और भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान अवनीश के रूप में हुई है। वह बदायूं जिले के समरेर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। फिलहाल वह ग्रेटर नोएडा के हबीबपुर में रह रहा था। उसकी उम्र 23 वर्ष है। बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस मिला है। बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। पूछताछ में पता चला कि वह फैक्ट्रियों में चोरी करता था। उसके साथी पहले ही जेल जा चुके हैं।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

- दो युवक और एक नाबालिग गिरफ्तार, चोरी की दो बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, खोड़ा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवक और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य लंबे समय से बाइक चोरी कर रहे थे।

वे चुराई गई बाइक को कम कीमत में बेच देते थे। गिरोह में काम का बंटवारा था। शिवम और नाबालिग बाइक चुराते थे।

शारिक अपनी दुकान पर बाइक के पार्ट्स निकालकर बेचता था। अमित चोरी की बाइक को आगे बेचने का काम करता था। पुलिस के अनुसार, अमित पहले भी जेल जा




चुका है। उसने हाल ही में दिल्ली से एक बाइक चोरी की थी। शारिक की दुकान से चोरी की मोटरसाइकिलों के पार्ट्स भी मिले हैं। आरोपी चोरी की बाइक 5-6 हजार रुपए में बेच देते थे। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के पकड़े जाने से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## मामूली बात को लेकर मारपीट

**दीवार टूटने से नाराज पड़ोसियों ने किया हमला, 5 घायल; एक युवक लापता**



अमन लेखनी समाचार

बागपत, बिनौली थाना क्षेत्र के जोहड़ी गांव में एक जागरण कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना 6 सितंबर की है। पप्पू पुत्र आशाराम ने अपने मकान पर जागरण का आयोजन किया था। जागरण स्थल को समतल करने के लिए वह ट्रैक्टर से मिट्टी ला रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर पड़ोसी की दीवार से टकरा गया। दीवार से दो-तीन ईंटें निकलकर गिर गईं। इस घटना के बाद पड़ोसियों ने पहले गाली-गलौज की। कुछ देर बाद वे बड़ी संख्या में लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर आ गए। उन्होंने पप्पू के परिवार पर हमला कर दिया। हमले में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### नेपाली युवक को चोर समझकर मार डाला

**घर में घुसने पर मालिक ने शोर मचाया, ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटा**

बडौत, कासिमपुर खेड़ी गांव में मंगलवार देर शाम नेपाल के सुंदरहारी का रहने वाला 26 वर्षीय सुरेश कुमार एक घर में घुस गया। मकान मालिक प्रहलाद ने चोर समझकर शोर मचा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना करीब पांच बजे की है। प्रहलाद के मकान में घुसने पर दोनों में बहस हुई।

# डासना में महिला चोर गिरोह सक्रिय

- सोते परिवार के पास से तीन महंगे मोबाइल चुराए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, डासना में महिला चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। मोहल्ला कुरैशियान में दो महिलाएं घर में घुसीं। उन्होंने वहां से तीन कीमती मोबाइल फोन चुरा लिए। पीड़ित इजहार कुरैशी ने डासना आध्यात्मिक नगर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक आईफोन मैक्स प्रो 16, एक आईफोन 15 और एक मोटोरोला मोबाइल चुराया है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि एक महिला के साथ छोटा बच्चा था। उसने बच्चे को अपनी साथी को सौंपा। फिर वह घर में घुसी और मोबाइल फोन ले लिए। चोरी के समय इजहार और उनका भाई घर में सो रहे थे। मोबाइल फोन उनके पास ही रखे थे। चोरी का पता तब चला जब परिवार ने सीसीटीवी फुटेज देखा। पुलिस ने मामला दर्ज कर



लिया है। अब कैमरे की फुटेज के आधार पर दोनों महिलाओं की तलाश की जा रही है। थाना वेव सिटी क्षेत्र की डासना चौकी इलाके में यह पहली वारदात नहीं है। इस इलाके में महिला चोरों की गतिविधियां बढ़ी हैं।

# अवैध निर्माण तोड़ने पहुंची नोएडा प्राधिकरण टीम का विरोध

**24 खसरों पर 39 डेवलपर ने बनाई 60 इमारतें, टीन शेड और साइट ऑफिस ध्वस्त**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सलारपुर खादर गांव में जिन 24 खसरों पर 39 डेवलपर ने अवैध इमारतों का निर्माण किया है। यहां करीब 60 इमारत बनी है। ये सभी छह से सात फ्लोर की है। प्राधिकरण की एक टीम इन इमारतों को ध्वस्त करने पहुंची थी। प्राधिकरण दस्ता एक्शन शुरू करता इससे पहले ही किसान संगठन यहां पहुंच गए। उन्होंने हंगामा किया। प्राधिकरण यहां खसरा नंबर 795, 796 पर बने निर्माण को तोड़ने गए थे। जिस पर अदालत से स्टे लगा है। किसानों से बातचीत में और स्टे कॉपी सामने आने के बाद स्थिति साफ हो सकी। प्राधिकरण छह जेसीबी , ट्रैक्टर ट्राली के अलावा 50 से ज्यादा स्टाफ कर्मी और भारी पुलिस बल के साथ सलारपुर पहुंची। यहां एक्शन लेने से



पहले ही किसान संगठन मौके पर पहुंचे। इसके बाद प्राधिकरण की टीम ने 781,735,736 पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्राधिकरण ने सड़क किनारे बनी टीन की शेड को ध्वस्त किया साथ ही साइट ऑफिस को ध्वस्त किया। जिसके बाद वापस लौटी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सभी अवैध इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध रूप से 60 से ज्यादा इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें वन बीएचके से लेकर 2 और 3 बीएचके फ्लैट है। जिनकी कीमत करीब 30 से 65 लाख तक है। करीब एक महीने पहले प्राधिकरण की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ यहां पर डेवलपर को नोटिस जारी करते हुए इमारतों पर नोटिस चस्पा किए थे।

इन लोगों ने नोटिस को हटा दिया और चोरी छिपे निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अब प्राधिकरण इन डेवलपर के खिलाफ भू माफिया के तहत एक्शन लेने जा रही है। जिस पर नोएडा डीएम से बैठक की जा चुकी है। जल्द ही बड़ा एक्शन होगा। यहां निर्माण में भूजल का प्रयोग किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए प्राधिकरण ने डीएम से पत्राचार किया है। ताकि भूजल दोहन को रोका जा सके।

## स्कूल बिल्डिंग के निर्माण में विवाद

**कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया भुगतान रोकने और सामान चोरी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक निजी स्कूल की बिल्डिंग निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज त्यागी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 2022 में उनकी कंपनी को सेक्टर




22ई में स्कूल बिल्डिंग के निर्माण का ठेका मिला था। कंपनी ने दो करोड़ रुपए की निर्माण सामग्री और मशीनरी के साथ काम शुरू किया। मजदूर दरों को लेकर दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। कंपनी ने अब तक किए गए काम का भुगतान मांगा। समझौते के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने न तो भुगतान किया और न ही निर्माण सामग्री वापस ले जाने दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हंस वाहिनी शिक्षा समिति के प्रेसिडेंट गुरुदत्त और कोषाध्यक्ष योगेश कुमार समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने करीब एक करोड़ रुपए का सामान भी चोरी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों का गाज़ियाबाद जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

**टीईटी से मुक्ति की मांग, 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों की मुख्य मांग है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट दी जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश मित्तल और कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार भी शामिल रहे। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति के समय टीईटी की कोई अनिवार्यता नहीं थी। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बताया कि प्रदेश के हजारों शिक्षक इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कई बार सरकार



को ज्ञापन सौंपा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। शिक्षक वर्षों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर करना उचित नहीं है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव हैं।

सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करना चाहिए। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब केवल आश्वासन नहीं, ठोस कदम की आवश्यकता है।

# बिजली की समस्याओं से परेशान किसानों का प्रदर्शन

- दनकौर बिजली घर पर 3 घंटे तक चला हंगामा, अधिकारियों ने एक महीने में समाधान का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन कृषि शक्ति के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। दनकौर बिजली घर से लगभग 25 गांवों में बिजली आपूर्ति की जाती है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बिजली की लाइनें कई वर्षों से जर्जर हैं। गांवों में कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, जो अक्सर खराब हो जाते हैं। खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने में महीनों का समय लग जाता है। भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में किसान बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होता। तीन घंटे के प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया,



जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। अमन ठाकुर ने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो संगठन बिजली विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना करेगा।

# खाद के लिए घंटो कड़ी धूप में लाइन में लगकर खड़े रहे अन्नदाता किसान

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। साधन सहकारी समिति ककरबई पर खाद लेने के लिए सैकड़ो की संख्या में समिति क्षेत्र के ग्रामों के किसान पहुंचे। बड़ी संख्या में समिति पर मौजूद किसानों एवं महिलाओं को देखकर सचिव श्याम मिश्रा द्वारा बताया गया की खाद सिर्फ है उन्हीं लोगों को मिलेगी जिनके पिछले टोकन बने हैं ।प्रति एक टोकन पर दो बोरी खाद मिलेगी। तो किसानों ने कहा कि हम लोगों को समिति पर अगला जो ट्रक आएगा उसके टोकन बना दिए जाएं। तब सचिव ने थाने में टोकन बनाने को कहा। सैकड़ो की संख्या में किसान थाने पहुंचे। वहां पर पुलिस द्वारा थाने के बाहर किसानों को लाइन में खड़ा किया गया। इसके बाद पुलिस की देखरेख में टोकन वितरित किए गए। वही साधन सहकारी समिति पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। खाद के लिए किसानों एवं सचिव में कई बार तीखी नोक झोंक हुई। स्थिति को देखते हुए थाना अध्यक्ष विनय कुमार साहू पुलिस बल के साथ समिति पर पहुंचे। पुलिस बल की निगरानी में खाद का वितरण किया गया। साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह परिहार भी समिति पर पहुंच कर विपरीत की जा रही खाद की व्यवस्था को देखा तथा खाद का वितरण कराया। जिन किसानों को खाद नहीं मिल सकी वह बहुत ही मायूस दिखे तथा उनमें काफी नाराजगी देखी गई। वही मात्र दो बोरी खाद मिलने तथा पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से उन किसानों में भी नाराजगी देखी गई।

किसानों को साधन समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार एवं सचिव श्याम मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे मायूस न हो खाद से वंचित जिन किसानों को आज टोकन वितरित किए गए है उनको सोमवार व मंगल तक खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थान किया गया चिन्हित




### ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों के साथ एईएन के आह्वान पर किया गया संयुक्त सर्वे

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन चोपन वन शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह सहित अन्य रेलकर्मियों ने शुक्रवार को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल का संयुक्त सर्वेक्षण किया। बताते चलें कि गुरुवार को ही महाप्रबंधक हाजीपुर द्वारा चोपन क्षेत्र के दौरे पर आने पर ईसीआरकेयू ने उनसे मिलकर चोपन के रेलकर्मियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग रखी थी। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में धनबाद मंडल के वरीय मंडल अभियंता -4 के निर्देश पर सहायक मंडल अभियंता चोपन ने शुक्रवार को ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों सहित संयुक्त सर्वेक्षण कर सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु स्थान का चयन किया। विभिन्न स्थानों को देखने के पश्चात यह सहमति जताई गई कि पुराने रेलवे क्लब के जगह पर और लम्बा चौड़ा एरिया लेकर एक नया सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। संयुक्त रूप से सर्वे में राम भोग पाल, चन्दन कुमार, राकेश कुमार चौरसिया, धीरेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, रोहित कुमार, सूरज कुमार, सन्तोष दुबे, आर एल सिंह, डी के यादव , सी पी गुप्ता, राजन , रोशन कुमार मौजूद रहे।

# 68 वर्षीय महेश भट्ट ने बद्रीनाथ मंदिर निर्माण के लिए अब तक दिया 18 लाख 50 हजार रुपये



### उन्होंने 21 लाख रुपये देने का लिया संकल्प



अमन लेखनी समाचार

पालघर। पालघर ज़िले के वसई पश्चिम में उत्तरांचल मित्र मंडल द्वारा निमार्णाधीन भगवान बद्रीनाथ मंदिर और मानव कल्याण केंद्र को समाजसेवी एवं साईं भक्त महेश भट्ट का बड़ा सहयोग मिला है। उन्होंने अब तक 18 लाख 50 हजार रुपये का दान किया है और मंदिर का कार्य पूर्ण होने से पहले 21 लाख रुपये देने का संकल्प लिया है। उनका यह योगदान न केवल आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है बल्कि समाज में सेवा और आस्था का अद्भुत संदेश भी देता है। कांदिवली निवासी 68 वर्षीय महेश भट्ट,जो उत्तराखंड समाज और साईं भक्ति के लिए जाने जाते हैं, पिछले 12-15 वर्षों से उत्तरांचल मित्र मंडल वसई से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। समाज में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। उनकी सादगी, सक्रियता और समर्पण उन्हें समाज के अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनाते हैं। महेश भट्ट समाज के हर कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करते रहे हैं। वे न केवल उत्तरांचल मित्र मंडल वसई बल्कि अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों तथा काफल फाउंडेशन से भी जुड़े हैं। इन माध्यमों से उन्होंने अनेक जरूरतमंदों की सहायता की है—चाहे वह चिकित्सा सहायता हो, शिक्षा में मदद हो या सामाजिक आयोजन। उनके द्वारा किए गए ये कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि यदि इच्छा और समर्पण हो तो समाज के उत्थान के लिए हर कोई कुछ न कुछ कर सकता है। बद्रीनाथ मंदिर और मानव कल्याण केंद्र के निर्माण कार्य को गति देने वाला महेश भट्ट का यह योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मंदिर के साथ-साथ मानव कल्याण केंद्र भी समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित होगा, जहां धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां एक ही छत के नीचे आयोजित की जा सकेंगी। इससे उत्तराखंड समाज के अलावा अन्य समाजों के लोगों को भी एक साथ आने का अवसर मिलेगा। उत्तराखंड समाज के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर महेश भट्ट सामूहिक एकता का संदेश देते हैं। उनका मानना है कि समाज सेवा ही सच्ची भक्ति है। यही कारण है कि वे हर कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी सेवाएं देते हैं।

समाजसेवा के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और का काम किया है। उनका यह प्रयास न केवल उत्तराखंड समाज बल्कि पूरे मुंबई मीरा -भाईंदर पनवेल नवी मुंबई ,वसई-विरार क्षेत्र के लोगों को एक मंच पर लाने का काम कर रहा है। उनके जैसे व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत बनाते हैं।

## खास समाचार

# इंस्पेक्टर नवीन तिवारी के अथक प्रयास से प्रितनगर के बिटिया को मिला न्याय



अमन लेखनी समाचार

चोपन सोनभद्र। बिगत पांच वर्ष पूर्व प्रितनगर निवासी लक्ष्मी नारायण सोनी के छोटी बिटिया लव जिहाद के भेंट चढ़ गई थी आरोपी द्वारा धारदार हथियार से धड़ से सर कर हत्या कर दिया गया था ताकि मृतिका का पहचान न हो सके लेकिन उस समय चोपन थाने के थानाध्यक्ष नवीन तिवारी ने अपने सूझबूझ से इस हत्या के सारे रहस्यों को उजागर ही नही किया बल्कि हत्यारे को कठोर सजा दिलवाने के लिए सिद्दत से विवेचना की जिसका परिणाम आज आजीवन कारावास के रूप में न्यायालय द्वारा 11 सितम्बर को सजा सुनाई गई। इंस्पेक्टर नवीन तिवारी ने बताया कि मुझे इस बात की कसक रह गया कि आरोपी को फांसी की सजा से वंचित रह गया। उन्होंने यह भी बताया कि सिंदुरिया निवासी सुरेंद्र पांडेय के हत्यारों को भी कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। नवीन तिवारी ने कहा कि मैं अपने विवेचना में प्रयास करता हूं कि हर पीड़ित को न्याय मिले। आज चोपन के बिटिया को न्याय मिलने से गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

# दुर्गापूजा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू, सजेगा भव्य पांडालः डॉ. परमेश्वर दयाल



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी नवरात्रि के दृष्टिगत परम्परागत चल रही दुर्गा पूजा के लिए घोरावल में तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। अबकी बार भव्य पांडाल सजाया जाएगा। घोरावल में माँ दुर्गापूजा शीतला श्रृंगार समिति की इस वर्ष अनवरत चली बैठकों के पश्चात नगर के दशमी तालाब पश्चिमी छोर पर माँ दुर्गा एवं अन्य प्रतिमाओं की प्राणप्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों के निर्माण के ऑर्डर दे दिए गए हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के प्रबंधक डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव 'पुष्कर' ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आचार्यगण की समुपस्थिति में सनातन परम्परानुसार विधि विधान से दुर्गा पूजा प्रारंभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए समिति के कार्यकर्ता चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी रहेगी।

# नए उप जिलाधिकारी के आने के बाद खनन माफिया सक्रिय

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। मऊ तहसील से 1 किलोमीटर मऊनगर पंचायत के बौसड़ा मोहल्ला में रात भर ट्रैक्टर से मिट्टी का ढुलाई की गई। उप जिला अधिकारी ऋषि रमन को अभी पता नहीं है कि मऊ तहसील में कितनी जेसीबी हैं कितने लोग गलत कार्य में लगे हुए हैं, अब उनको इस बात की जानकारी विभागों द्वारा ली जानी चाहिए कि इस खनन के खेल में पुलिस का हाथ तो नहीं रहता है। क्योंकि कभी-कभी जब जेसीबी ट्रैक्टर चलते हैं तो पुलिस ही ज्यादातर छापा मारा करती है। जो भी मिट्टी के खनन के कार्य किए जाते हैं उसमें उप जिलाधिकारी की अनुमति का अनुमोदन जरूरी होता है। इसलिए ऐसे खनन कार्यों में उप जिलाधिकारी को नकेल कसने की जरूरत है तथा खनन करने वालों के ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाए जिससे प्रकृति का विदोहन रुकेगा।

# क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा पुलिस सभागार में RTC प्रशिक्षण विषयों पर आईटीआई व पीटीआई के साथ की गई मीटिंग



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 12.09.2025 को पुलिस लाइन, चुर्क स्थित सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ0 चारू द्विवेदी द्वारा फळउ प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर केंद्रित एक समन्वय गोष्ठी की गई। बैठक में आई.टी.आई. एवं पी.टी.आई. के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाना, प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व अनुशासित बनाना है। क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी एवं शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए किस प्रकार के नवाचार किए जा सकते हैं, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन हेतु तैयार किया जा सके। अंत में, यह निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियाँ निर्धारित समय-सारणी एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार संचालित की जाएंगी।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली सलामी, तत्पश्चात किया निरीक्षण

सोनभद्र। दिनांक-12.09.2025 को अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा परेड ग्राउण्ड पुलिस लाइन चुर्क में शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त फळउ आरक्षियों व पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए दिया गया सुझाव । इसी क्रम में महोदय द्वारा यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तथा महोदय द्वारा आरटीसी मेस, पुलिस बैरक, शौचालय, कम्प्युटर कक्ष, आरटीसी स्कूल इत्यादि का जायजा लिया गया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए ।

# बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के द्वारा टीम का गठन करते हुए बाल तस्करी अभियान चलाए जाने हेतु आदेशित किया गया जिसके क्रम में आज दिनांक 12 सितंबर 2025 को आदर्श इंटर कॉलेज, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में छात्रों को बाल तस्करी की रोकथाम और इससे निपटने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि बाल तस्करी एक जघन्य अपराध है, जिसमें बच्चों को जबरन बाल श्रम, यौन शोषण, गुलामी के लिए स्थानांतरित या प्राप्त किया जाता है। इस अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए परिवारों और समुदाय के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। यदि आपको बाल तस्करी का संभावना है, तो चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तुरंत संपर्क करें और 112 पुलिस सहायता पर संपर्क करें।

### कार्यक्रम में उपस्थित रहे:

- बाल कल्याण समितिः अध्यक्ष अखिल नारायण देव पांडेय, सदस्य अमरेश चंद्र पाठक
- थाना मानव तस्करी रोधीःमानव तस्करी रोधी से मुख्य आरक्षी धनंजय सिंह, महिला आरक्षी शालिनी वैश्य व आरक्षी पंकज।
- जिला बाल संरक्षण इकाईः संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक
- चाइल्ड हेल्पलाइनः परियोजना समन्वयक मुकेश सिंह, परियोजना संयोगी स्निग्धा आहूजा
- विद्यालय के अध्यापकः प्रधानाचार्य संतोष कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, मंजू सिंह, विनीत कुमार, वरुण चतुवेर्दी, उपेंद्र सिंह, महेश चांद, इंद्रेश गुप्ता, सुशील मिश्रा, राजेश केशरी
- कक्षा 10 एवं 12 की छात्र/छात्राः दीपशिखा, नंदिनी, रागिनी, लक्ष्मी केशरी, रेशमा, शिवेंद्र, अंश, हर्ष, अश्वनी

# पति ने ब्यूटी पार्लर में घुसकर पत्नी पर किया जानलेवा हमला, हालत नाजुक

### पति-पत्नी के बीच न्यायालय में चल रहा था मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



गरौठा कोतवाली। कोतवाली से लगभग 50 मीटर की दूरी पर पति ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को खंजर ( बका ) सहित गिरफ्तार कर लिया है। कसवा गरौठा में शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे सोफिया ब्यूटी पार्लर पर सफीना ( 27 ) अपनी दुकान चला रही थी। तभी उसके पति शनि ने ब्यूटी पार्लर मे घुसकर उस पर खंजर ( बका ) से हमला कर दिया ।जिससे सफीना के गाल और गले में गंभीर चोटे आई। शोर गोल सुनकर आस पास के दुकानदारो ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पति को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पीड़िता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। लड़की के परिजनो ने बताया कि सफीना की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व मऊ रानीपुर निवासी शनि के साथ हुई थी। पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर सफीना अपनी तीन साल की बेटी के साथ गरौठा में रह रही थी। दोनों के बीच तलाक का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने बताया ने कि आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के 02 दिवसीय 04 सत्रों में जनपदवासियों ने विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण हेतु विभिन्न संगठनों ने दिये बहुमूल्य सुझाव व विचार

### 12 सेक्टर के जनपद स्तरीय अधिकारियों, व्यवसावियों, उद्यमियों, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त महानुभाओं और अपने विधा में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ किया गया संवाद।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज कलेक्ट्रेट सभागार में 12 सेक्टर के जनपद स्तरीय अधिकारियों, व्यवसावियों, उद्यमियों, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त महानुभाओं और अपने विधा में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के परामर्श व व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश हेतु विजन डॉक्यूमेंट 2047 के निर्माण हेतु सफल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन रामकृष्ण चतुवेर्दी सेवानिवृत्त आई0पी0एस0, डॉ0 रजनीश सिंह प्रो0 टी0डी0 कालेज जौनपुर, डॉ0 राकेश बाबू गौतम प्राध्यापक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अधिकारीगण, कृषक बन्धु, व्यावसायिकगण व जिले के समाजसेवी आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा आये हुए अतिथियों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की प्रासंगिकता व रूपरेखा पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि 12 सेक्टर-कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन सरक्षण, औद्योगिक विकास आई0टी0 एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिक, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुये गर्व की भावना को विकसित करना है। उन्होंने विजय डॉक्यूमेंट 2047 हेतु जनभागीदारी से ही इसका निर्माण होगा। इसलिए उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि दिये गये क्यूआर कोड या समर्थ उत्तर प्रदेश नामक पोर्टल पर प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव दे इस मौके पर नामित प्रबुद्धजनों द्वारा जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ 12 सेक्टर के जनपद स्तरीय अधिकारियों, व्यवसावियों, उद्यमियों, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त महानुभाओं और अपने विधा में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ जनपदीय संगोष्ठी में संवाद किया गया। प्रबुद्धजनों ने कृषकों से संवाद करते हुए कृषि, उद्यान, कृषि शिक्षा, सिंचाई एवं जल संसाधन विकास, सहकारिता, पशुधन संरक्षण केन्द्र के अन्तर्गत पशुपालन एवं डेयरी विकास, मत्स्य विभाग, संतुलित विकास क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन, अतिरिक्त उर्जा स्त्रोत आदि सेक्टरों व आयामों पर कृषकों से संवाद कर उत्तर प्रदेश को समर्थ व विकसित बनाने की दिशा में प्रयास किया गया। विकसित आत्मनिर्भर व समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 के शताब्दी संकल्प की मूवी व सूचना विभाग द्वारा जनपद सोनभद्र में पर्यटन स्थल, फासिल्स पार्क, रिहन्द डैम व किले आदि पर आधारित विशेष डॉक्यूमेन्ट्री का प्रसारण दिखाकर विकास के विविध आयामों से जनपदवासियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन रामकृष्ण चतुवेर्दी सेवानिवृत्त आईपीएस डॉ0 रजनीश सिंह प्रो0 टी0डी0 कालेज जौनपुर, डॉ0 राकेश बाबू गौतम प्राध्यापक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने विकसित उत्तर प्रदेश हेतु विभिन्न संगठनों से संवाद कर फीडबैक लिया गया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## तहसील कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन - मुकेश राजपूत

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। कस्बा गरौठा के एक स्थानीय विवाह घर में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रामपाल सिंह यदुवंशी ने की वही मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव डॉक्टर बी बी गौर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के संरक्षक गुर्जर महेंद्र नागर मौजूद रहे। सर्वप्रथम संगठन के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष एस.के.भदौरिया एवं नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत सहित सभी मंचासीन अतिथियों का गरौठा तहसील इकाई के समस्त पत्रकारों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर प्रदेश सचिव डॉ बी बी गौर से कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन हमेशा पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है ।संगठन के संरक्षक गुर्जर महेंद्र नागर ने संगठन की एकता और मजबूती पर बल दिया। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष एस के भदौरिया एवं जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत ने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कही। तत्पश्चात कार्यक्रम आयोजक प्रदीप शर्मा द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का शॉल उड़ाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामपाल सिंह यदुवंशी, अखिलेश तिवारी, अनिल शर्मा, महेंद्र सिंह सोलंकी, रिंकू सेन, राजेश सिंह परिहार , कल्याण सिंह, पवन श्रीवास, अखिलेश राय आदि लोगों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर राजकुमार मिश्रा, कपिल शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, आशीष दीक्षित ,मानवेंद्र यादव, रोहित साहू, रतनदीप यादव ( सोनू ) ने ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की सदस्यता ग्रहण की। अंत में प्रदीप शर्मा निवर्तमान नगर अध्यक्ष द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर नेहा श्रीवास, प्रियंका चौधरी, पवन कुमार, सुरेश कुशवाहा, आशुतोष गोस्वामी, सार्थक नायक, रिंकु सेन, समद अली, कुलदीप यादव, रोहित साहू, हेमंत यादव, कल्लू वर्मा, सोम मिश्रा, विवेक अग्रवाल, विपिन कुमार, संजय रिछारिया, मिलन सिंह , कृष्णचंद्र पाठक, मुबीन खान, राजीव परमार, मनीष राजपूत बलराम पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के पत्रकार मौजूद रहे।

# पन्नूगंज की साइबर टीम द्वारा आवेदिका के फ्राड हुई धनराशि 33,000/- रुपये उनके मूल खाते में कराये गये वापस

सोनभद्र। अवगत कराना है कि आवेदिका सूर्यकला पत्नी सुनील केशरी निवासिनी रामगढ़ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के खाते से बिना उसकी जानकारी के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवेदिका के बैंक खाते से 33,000/- रुपये का फ्राड कर ट्रांसफर कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना पन्नूगंज की साइबर टीम द्वारा आवेदिका से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल ठउफढ पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज के कुशल नेतृत्व मे थाना पन्नूगंज की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके आवेदिका की फ्राड हुई धनराशि को सम्बन्धित खाते में होल्ड कराया गया

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

